देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 17 अंक: 54 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

# पेज श्री

देहरादून, शनिवार, 28 मई 2022

**विचार–प्रवाह...**
'राजनीति' करता है विपक्ष





PAGE 3 PUBLICATION

मौसम | अधिकतम 34.0° | न्यूनतम 24.0°

37240.40

2 इमरान खान ने शहबाज को लताड़ा

7 सफल कोच की लिस्ट में भी शुमार

# 2030 तक भारत बनेगा ड्रोन हब

## दिल्ली के प्रगति मैदान में पीएम मोदी ने किया ड्रोन महोत्सव का उद्घाटन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। दिल्ली के प्रगति मैदान में दो दिवसीय ड्रोन महोत्सव 2022 का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने प्रदर्शनी का भी निरीक्षण किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं ड्रोन प्रदर्शनी से प्रभावित हूं। 2030 तक भारत ड्रोन हब बनेगा। उन्होंने कहा, जिन–जिन स्टॉल में मैं आज गया, वहां सभी लोग बहुत गर्व से कहते थे कि ये मेक इन इंडिया हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि यह उत्सव सिर्फ ड्रोन का नहीं, यह नए भारत–नई गवर्नेंस का उत्सव है। ड्रोन टेक्नोलॉजी को लेकर भारत में जो उत्साह देखने को मिल रहा है, वो अद्भुत है। ये जो ऊर्जा नजर आ रही है, वो भारत में ड्रोन सर्विस और ड्रोन आधारित इंडस्ट्री की लंबी छलांग का प्रतिबिंब है। पीएम ने कहा, यह ऊर्जा भारत में रोजगार सृजन के एक उभरते हुए बड़े सेक्टर की संभावनाएं दिखाती है। उन्होंने कहा, आठ वर्ष पहले यही वो समय था, जब भारत में हमने सुशासन के नए मंत्रों को लागू करने की शुरुआत की थी।

पीएम मोदी ने आगे कहा कि जब केदारनाथ के पुनर्निर्माण का काम शुरू हुआ था, तो हर बार मेरे लिए वहां जाना संभव नहीं था। तो मैं ड्रोन के जरिए केदारनाथ के काम का निरीक्षण करता था। आज सरकारी कामों की गुणवत्ता को देखना है तो यह जरूरी नहीं है कि मैं बता दूं कि मुझे वहां निरीक्षण करने के लिए जाना है। मैं ड्रोन भेज दूं तो वह जानकारी लेकर आ जाता है और उन्हें पता भी नहीं चल पाता है कि मैंने जानकारी ले ली है।

**घरेलू उद्योगों की मदद कर रही सरकारः** कुछ समय पहले तक ड्रोन के लिए पूरी तरह से आयात पर निर्भर भारत तेजी से इस मामले में आत्मनिर्भरता की तरफ कदम बढ़ा रहा है। घरेलू उद्योग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ही फरवरी में ड्रोन के आयात पर प्रतिबंध का भी एलान कर दिया गया। अब केवल आरएंडडी, डिफेंस और सिक्योरिटी के लिए ही ड्रोन आयात की अनुमति है। इनके लिए भी क्लियरेंस जरूरी होगा। आयात पर प्रतिबंध के कदम से घरेलू ड्रोन निर्माताओं को लाभ होगा। ड्रोन के पुर्जो के आयात पर प्रतिबंध नहीं लगाया गया है।

### टेक्नोलॉजी को समझा समस्या का हिस्सा

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पहले की सरकारों ने टेक्नोलॉजी को समस्या का हिस्सा समझा। उसे गरीब विरोधी साबित करने की कोशिश की गई। इस कारण 2014 से पहले गवर्नेंस में टेक्नॉलॉजी के उपयोग को लेकर उदासीनता का वातावरण रहा। इसका सबसे अधिक नुकसान गरीब को हुआ, वंचित को हुआ और मिडिल क्लास को हुआ। तकनीकी के माध्यम से हम आगे बढ़कर अंत्योदय के लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं।



### मोदी ने प्रगति मीटिंग का खोला राज

पीएम ने हर महीने होने वाली प्रगति मीटिंग की भी चर्चा की। उन्होंने बताया कि प्रगति मीटिंग में क्या होता है और वो कैसे हर राज्य में चालू विकास कार्यक्रमों की समीक्षा करते हैं। मोदी ने कहा, श्मैं सरकार में हर महीने एक प्रगति कार्यक्रम चलाता हूं। सभी राज्यों के मुख्य सचिव स्क्रीन पर होते हैं। अनेक विषयों की चर्चा होती है। मैं उनसे आग्रह करता हूं कि जो प्रोजेक्ट चल रहे हैं, मुझे ड्रोन से वहां का लाइव प्रजेंटेशन दीजिए। तो मैं बड़ी आसानी से चीजों को कोरिलेट कर पाता हूं। इससे फैसले करने की सुविधा बढ़ जाती है।

### जब पीएम ने सुनाई केदारनाथ की दिलचस्प कहानी

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, जब केदारनाथ का पुनर्निर्माण का काम शुरू हुआ तो मेरे लिए हर बार वहां जाना संभव नहीं था। ऐसे में मैं ऑफिस से ही लगातार रिव्यू मीटिंग करता था। उसी में केदारनाथ में कैसे काम चल रहा है, कितनी तेजी से चल रहा हैं, मैं वहां से ड्रोन के द्वारा लगातार मॉनिटर करता था। पीएम ने कहा कि आज सरकारी कामों की क्वॉलिटी को भी देखना है और मैं बता दूं कि इन्सपेक्शन के लिए जाना है तो मेरे पहुंचने से पहले वहां सबकुछ ठीक–ठाक हो ही जाएगा। लेकिन अब उन्हें पता भी नहीं चलता है और ड्रोन के जरिए मैं सब देख लेता हूं। उन्होंने कहा, जरूरी नहीं है कि मैं पहले से बता दूं कि मुझे वहां निरीक्षण के लिए जाना है।

## संक्षिप्त समाचार

### ओम प्रकाश चौटाला को मिली सजा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। अदालत ने आय से अधिक संपत्ति मामले में दोषी हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला को चार साल की जेल और 50 लाख के जुर्माने की सजा सुनाई है। गौरतलब है कि चौटाला ने अपनी बीमारी व मामले के पुराना होने के नाते सहानुभूति बरतने का आग्रह किया था। वहीं सीबीआई ने कहा था कि भ्रष्टाचार के मामले में कोर्ट ऐसी सजा सुनाए जिससे समाज में मिसाल दी जा सके।

### देश के अन्य हिस्सों में मौसम में बदलाव हो गया शुरू

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पिछले दिनों हुई बारिश के बाद लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली हुई है। मौसम कार्यालय की रिपोर्ट के अनुसार छह दिनों के अंतराल के बाद दक्षिण–पश्चिम मानसून ने गुरुवार को दक्षिणी श्रीलंका को कवर करते हुए केरल की ओर बढ़ना शुरू कर दिया है।

# उत्तराखंड में यूनिफार्म सिविल कोड पर ड्राफ्ट कमेटी गठित

## सुप्रीम कोर्ट की पूर्व जज रंजना प्रकाश देसाई होंगी इसकी अध्यक्ष

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड सरकार ने राज्य में समान नागरिक संहिता (यूनिफार्म सिविल कोड ) लागू करने की दिशा में कदम बढ़ाया है। सरकार ने ड्राफ्टिंग कमेटी की घोषणा की है। कमेटी की अध्यक्ष सुप्रीम कोर्ट की सेवानिवृत्त न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई होंगी।

**पहली बैठक में पुष्कर सिंह धामी मंत्रिमंडल ने लिया संकल्प**
पुष्कर सिंह धामी सरकार ने उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता (यूनिफार्म सिविल कोड) लागू करने का संकल्प लिया था। 24 मार्च को हुई मंत्रिमंडल की पहली बैठक में मुख्यमंत्री की चुनाव पूर्व की गई इस घोषणा को मूर्त रूप देने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया था। मुख्यमंत्री धामी ने कहा था कि संविधान में मिले अधिकार का उपयोग करते हुए सरकार यह कदम उठा रही है।

**आखिर क्या है समान नागरिक संहिताः** समान नागरिक संहिता (यूनिफार्म सिविल कोड ) का अर्थ होता है कि भारत में रहने वाले हर नागरिक के लिए एक समान कानून। चाहे व्यक्ति किसी भी धर्म या जाति का क्यों न हो। समान नागरिक संहिता में शादी, तलाक और जमीन जायदाद के बंटवारे में सभी धर्मों के लिए एक कानून लागू होगा। यह एक पंथ निरपेक्ष कानून है, जो सभी के लिए समान रूप से लागू होता है।

### ड्राफ्टिंग कमेटी के ये है अन्य सदस्य

चार अन्य सदस्यों में दिल्ली हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश प्रमोद कोहली, राज्य के पूर्व मुख्य सचिव शत्रुघ्न सिंह के अलावा टैक्स पेयर एसोसिएशन के मनु गौर और शिक्षाविद सुरेखा डंगवाल के नाम भी शामिल हैं। कमेटी समान नागरिक संहिता का ड्राफ्ट तैयार करेगी।

### इस कानून पर निरंतर चल रही है बहस

देश में अभी मुस्लिम, इसाई और पारसी का पर्सनल ला लागू है। हिंदू सिविल ला के तहत हिंदू, सिख और जैन आते हैं, जबकि संविधान में समान नागरिक संहिता अनुच्छेद 44 के तहत राज्य की जिम्मेदारी बताया गया है। यह आज तक देश में लागू नहीं हुआ है। इस कानून पर निरंतर बहस चल रही है।

# सेना से भरा ट्रक श्योक नदी में गिरा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

जम्मू। लद्दाख के तुरतुक सेक्टर में हुए एक बड़े हादसे में सेना के सात जवान बलिदान हो गए, जबकि 19 घायल हो गए हैं। सभी को सैन्य अस्पताल पहुंचाया गया। इनमें से कई जवानों की हालत गंभीर है। यह हादसा उस समय पेश आया जब जवानों से भरा ट्रक श्योक नदी में गिर गया। जवानों की एक टुकड़ी ट्रक में सवार होकर परतापुर के ट्रांजिट कैंप से हनीफ सेक्टर के अग्रिम इलाके की ओर जा रही थी।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक शुक्रवार की सुबह करीब नौ बजे 26 जवानों का एक दल ट्रक में सवार होकर परतापुर स्थित ट्रांजित कैंप से आगे जा रहे थे। हनीफ सेक्टर की ओर जा रहा ट्रक जब थोइस से करीब 25 किलोमीटर दूर पहुंचा तो अचानक ट्रक चालक से असंतुलित होकर सड़क से करीब 50 से 60 नीचे श्योक नदी में फिसल कर गिर गया। हादसे के बाद चीख–पुकार मच गई आसपास के लोगों और पुलिस व सेना के जवानों ने मिलकर रेस्क्यू आपरेशन चलाया। नदी में गिरे सभी जवानों को निकाला गया।

इनमें से सात जवानों की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। बाकी 19 घायलों में कई की हालत गंभीर है। सभी को पहले परतापुर के 403 फील्ड अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद इनमें से कुछ को बेहतर इलाज के लिए शिफ्ट किए जाने की भी खबर मिल रही है। मृतक जवान और घायलों के नाम और पते की जानकारी अभी नहीं मिली है। हादसे के बारे में विस्तृत जानकारी अभी प्रतीक्षारत है।

**हादसा**



■सात जवानों की जान गई, 19 घायल

**Are you Planning to make a Website or already have ?**
*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# फिर मुश्किलों में आए समीर वानखेड़े

## केंद्र ने गलत जांच के लिए कार्रवाई का दिया निर्देश

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान को नार्कोटिक्स कंट्रोल बोर्ड ने ड्रग्स–आन– क्रूज मामले पर क्लीन चिट दे दी है। इस बीच, सूत्रों के हवाले से बताया कि केंद्र सरकार ने सक्षम प्राधिकारी से एनसीबी के पूर्व अधिकारी समीर वानखेड़े के खिलाफ ड्रग्स–आन–क्रूज मामले पर गलत जांच के लिए कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। आर्यन खान को अक्टूबर 2021 के ड्रग्स–आन–क्रूज मामले में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा क्लीन चिट दिए जाने के बाद समीर वानखेड़े का मामला एक बार फिर सामने आया है।

मामले के संबंध में ड्रग रोधी एजेंसी द्वारा दायर आरोपपत्र में आर्यन खान और पांच अन्य के नाम हटा दिए गए थे। मुंबई की एक अदालत में चार्जशीट दाखिल करने वाले एनसीबी के अधिकारियों ने कहा कि आर्यन खान और पांच अन्य का नाम पर्याप्त सबूतों की कमी के कारण नहीं रखा गया था। बता दें कि 5 नवंबर, 2021 को एनसीबी ने मामले से मुंबई जोनल यूनिट समीर वानखेड़े को हटा दिया गया था।

## न्यूज डायरी



### टेक्सास स्कूल फायरिंग में पत्नी की मौत का सदमा नहीं सह सका पति

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। अमेरिका के टेक्सास में मंगलवार को हुई गोलीबारी में 21 लोगों की मौत हो गई। इन 21 लोगों में से एक चौथे ग्रेड की टीचर इरमा गार्सिया भी थीं। इरमा के मरने के बाद उनके पति का दिल टूट गया और वह इस गम को बर्दाश्त नहीं कर सके। दो दिन बाद गुरुवार को इरमा के पति की हार्ट अटैक से मौत हो गई। दंपति के चार बच्चे हैं जो इस हादसे के बाद अनाथ हो गए हैं। इरमा ने अपनी स्कूल की बायोग्राफी पेज में लिखा था, मुझे मेरे पति, चार बच्चों और पढ़ाने से प्यार है। मुझे मेरे पति के साथ बार्बीक्यू खाना पसंद है। वह पिछले पांच सालों से रॉब एलीमेंट्री स्कूल में पढ़ा रही थीं। इरमा की मौत के बाद से ही उनके पति जो गार्सिया सदमे में थे। दो दिन बाद उन्हें एक दिल का दौरा पड़ा, जिसे वह सहन नहीं कर पाए। उनके परिवार ने कहा कि जो दिल टूटना बर्दाश्त नहीं कर सके। क्योंकि दोनों में 25 सालों से प्यार था।

### एलन मस्क को बर्बाद करने का चीन ने बनाया खतरनाक प्लान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बीजिंग। दुनिया के सबसे अमीर इंसान एलन मस्क हाल ही में चीन की तारीफों के पुल बांध रहे थे। एलन मस्क चीन की चाहे जितनी तारीफ करें, लेकिन ड्रैगन ने अब एलन मस्क को तबाह करने का सोच लिया है। चीन अब ऐसी क्षमता विकसित कर रहा है, जिससे एलन मस्क की स्टारलिंक सैटेलाइट को तबाह किया जा सके। एक शोध में कहा गया है कि चीन के वैज्ञानिक स्टारलिंक सैटेलाइट को नाकाम करने के लिए टेक्नोलॉजी का विकास कर रहे हैं। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट के मुताबिक बीजिंग इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रैकिंग एंड टेलीकम्युनिकेशन्स और चीन की डिफेंस इंडस्ट्री स्टारलिंक सैटेलाइट को जरूरत पड़ने पर नाकाम करने को लेकर खोज कर रही है। एलन मस्क की कंपनी स्पेस एक्स ने स्टारलिंक सैटेलाइट का एक नेटवर्क बनाया है। इसमें हजारों छोटी–छोटी सैटेलाइट हैं जो धरती के लो अर्थ ऑरबिट में मौजूद हैं। ये सैटेलाइट इंटरनेट की सुविधा प्रदान करती हैं।

### यूक्रेन को लंबी दूरी तक मार करने वाले रॉकेट देने जा रहा अमेरिका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कीव। यूक्रेन युद्ध में रूस के भाप बना देने वाले वैक्यूम या थर्मोबेरिक बम को चुनौती देने के लिए अब अमेरिका ने भी कमर कस ली है। अमेरिका यूक्रेन की सेना को लंबी दूरी तक मार करने वाले रॉकेट सिस्टम देने जा रहा है। रूस के हमले से निपटने के लिए यूक्रेन की सेना लंबे समय से अमेरिका से इस हथियार को देने की गुहार लगा रही थी। अमेरिका का बाइडन प्रशासन यूक्रेन को दिए जाने वाले अपने सैन्य पैकेज में इस रॉकेट को शामिल करने पर विचार कर रहा है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक इस रॉकेट को देने पर ऐलान अगले सप्ताह तक हो सकता है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदमयर जेलेंस्की और अन्य अधिकारियों ने हाल के दिनों में अमेरिका से मल्टीपल लॉन्च रॉकेट सिस्टम देने की गुहार लगाई थी। अमेरिका के बने ये रॉकेट सिस्टम कई सौ किलोमीटर तक रॉकेट की बारिश करने में सक्षम हैं।

### इमरान खान ने पेट्रोल–डीजल की कीमत पर शहबाज सरकार को लताड़ा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान की शहबाज शरीफ सरकार ने अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष के दबाव के आगे झुकते हुए पेट्रोलियम पदार्थों के दामों में 30 रुपये की वृद्धि कर दी है। पाकिस्तान के वित्त मंत्री मिफ्ताह इस्माइल ने गुरुवार रात इसका ऐलान किया। इस वृद्धि के बाद पाकिस्तान में पेट्रोल का दाम 179.86 रुपये और डीजल का दाम 174.15 रुपये हो गया है। शहबाज सरकार के इस फैसले पर पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान भड़क गए हैं और उन्होंने भारत से सीख लेने की सलाह दी है। इमरान खान ने कहा, देश ने आयातित सरकार की विदेशी मालिकों के सामने गुलामी की कीमत चुकानी शुरू कर दी है और पेट्रोल–डीजल की कीमतों में 20 या 30 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोत्तरी शुरू कर दी है। यह हमारे इतिहास में एक बार की गई सबसे बड़ी बढ़ोत्तरी है।

# पाकिस्तानी सेना प्रमुख के राज खोलने वाले थे इमरान खान

**डील**

## इमरान ने 6 दिनों का अल्टीमेटम देकर अपने लॉन्ग मार्च को कर दिया रद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में लाखों लोगों आजादी मार्च लेकर पहुंचे पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने अचानक से गुरुवार को 6 दिनों का अल्टीमेटम देकर अपने लॉन्ग मार्च को रद कर दिया। इमरान खान के इस फैसले से पाकिस्तानी सकते में आ गए। इससे पहले पीटीआई नेता यह वादा करके राजधानी पहुंचे थे कि जब तक चुनाव का ऐलान नहीं हो जाता है तब तक वह और उनके लाखों समर्थक इस्लामाबाद में धरना देते रहेंगे। इमरान के पीछे हटने का राज अब खुल गया है। पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल बाजवा ने अपनी फजीहत होने से बचाने के लिए इमरान खान को पीछे हटने के लिए मजबूर किया।

दरअसल, इमरान खान के लाखों समर्थकों के इस्लामाबाद में पहुंचने पर शहबाज सरकार ने पाकिस्तानी सेना को तैनात करने का आदेश दिया। इस फैसले से इमरान और पाकिस्तानी



सेना आमने–सामने आ गई। रिपोर्ट के मुताबिक सेना और पीटीआई समर्थकों के बीच भिड़ंत को टालने और अपनी फजीहत होने से रोकने के लिए जनरल बाजवा ने पूरे मामले में हस्तक्षेप किया। उधर, इमरान और शहबाज शरीफ को भी अपनी फजीहत को बचाना था, ऐसे में तीनों के बीच पर्दे के पीछे से बातचीत हुई।

**जनरल बाजवा ने दी इमरान खान को धमकी:** इमरान खान झुकने को तैयार नहीं थे लेकिन पाकिस्तानी सेना प्रमुख ने उन्हें साफ संदेश दे दिया कि वे इस पूरे विवाद में मूकदर्शक नहीं बने रहेंगे। जनरल बाजवा के इस दबाव का तत्काल असर हुआ और इमरान खान को अपना धरना खत्म करके जाना पड़ा। इससे पहले इमरान ने बाजवा से अपील की थी कि इस पूरे मामले में वह न्यूट्रल रहें। एक सूत्र ने कहा कि सभी राजनीतिक दल सेना की भूमिका के बारे में एक ही तरह की राय रखते थे, हालांकि राजनीतिक दल एक जैसी राय नहीं रखते थे।

सूत्र ने कहा कि राजनीतिक दल अभी एकजुट नहीं हैं लेकिन ऐसा डर था कि वे शक्तिशाली इदारे (पाकिस्तानी सेना) की पोल खोलना शुरू कर सकते थे। उन्होंने कहा, आपसी भरोसे की भारी कमी थी। इस समय तीनों में से कोई भी पक्ष एक–दूसरे पर भरोसा नहीं कर रहा है।


सूत्रों ने कहा कि इस बात का भी डर था कि जनरल बाजवा और पाकिस्तानी सेना के सीक्रेट को भी सार्वजनिक किया जा सकता था। उन्होंने कहा, सीक्रेट खुल सकते थे और वे (जनरल बाजवा) यह होने नहीं देना चाहते थे। दरअसल इमरान खान अपनी सत्ता को हटाने में सेना की भूमिका को उजागर कर सकते थे। इससे जनरल बाजवा की फजीहत होती और इसी से बचने के लिए यह समझौता हुआ।


सूत्रों ने आम चुनाव की डेट के बारे में कहा कि इस बात के पूरे चांस हैं कि पाकिस्तान में आम चुनाव इस साल अक्टूबर महीने में हो सकते हैं। यह चुनाव सेना प्रमुख जनरल बाजवा के रिटायर होने से ठीक एक महीने पहले होंगे।

## अफगानिस्तान के साथ रहा है भारत और हमेशा रहेगा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुशांबे। अफगानिस्तान में अशांति के मुद्दे पर चर्चा के लिए तजाकिस्तान की राजधानी दुशांबे में कई देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जुटे हैं। भारत के एनएसए अजित डोभाल भी शुक्रवार को दुशांबे में हुई इस अहम बैठक में शामिल हुए। डोभाल के अलावा तजाकिस्तान,रूस, कजाकिस्तान, उज्बेकिस्तान, किर्गिस्तान और चीन के एनएसए ने इस वार्ता में हिस्सा लिया।

एएनआइ के सूत्रों के मुताबिक, एनएसए ने अफगानिस्तान और क्षेत्र की स्थिति पर चर्चा की। उन्होंने अफगानिस्तान में शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने और आतंकवाद से मुकाबला करने के लिए तरीके खोजने की आवश्यकता पर जोर डाला। बैठक में शामिल हुए डोभाल ने भारत का पक्ष रखा। डोभाल ने कहा कि भारत हमेशा अफगानिस्तान के लोगों के साथ खड़ा रहा है। अगस्त 2021 के बाद भारत पहले ही 50,000 मीट्रिक टन गेहूं की प्रतिबद्धता में से 17,000 मीट्रिक टन गेहूं, कोवैक्सिन की 5 लाख खुराक, 13 टन आवश्यक जीवन रक्षक दवाएं और सर्दियों के कपड़ों के साथ–साथ 60 मिलियन खुराक दे चुका है। क्षेत्रीय शांति और सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करने वाले आतंकवाद और आतंकवादी समूहों का मुकाबला करने के लिए अफगानिस्तान की क्षमता बढ़ाने की जरूरत है।





दादी की उम्र की महिला से 19 साल के लड़के को हुआ प्यार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। प्यार अंधा होता है। ये सिर्फ ये कहावत नहीं है। 19 साल के एक लड़के ने इस कहावत को सच करके पूरी दुनिया को दिखा दिया है। इस लड़के ने एक महिला से सगाई की है। ये महिला उसकी उम्र की कोई लड़की नहीं है। बल्कि ये 76 साल की हैं, जो उसके दादी की उम्र की हैं। दोनों की सगाई को लेकर इंटरनेट पर जमकर आलोचना की जा रही है। हालांकि लड़के ने कहा है कि उसे इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है। 19 साल के यूसेप डीअन्ना ने जब अपनी दादी की उम्र की महिला से सगाई की तस्वीरें जब इंटरनेट पर शेयर की तो उन्हें लगा कि लोगों से बधाइयां मिलेंगी। लेकिन तस्वीरें देखने के बाद तो जैसे लोगों का मूड खराब हो गया।

# पुतिन के ख़ास चेचेन कमांडर ने दी 6 सेकंड वाली धमकी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मास्को। रूस और यूक्रेन का युद्ध जारी है। इसी बीच रूसी राष्ट्रपति के विश्वासपात्र में से एक चेचेन्या रिपब्लिक के अध्यक्ष रमजान कादिरोव ने पोलैंड को धमकी दे दी है। उन्होंने छह सेकंड में पोलैंड को तबाह करने की धमकी दी है। उनकी ये धमकी अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। इसमें वह पोलैंड को धमकाते दिख रहे हैं। वीडियो में कादिरोव कह रहे हैं कि यूक्रेन का मामला खत्म हो चुका है, अगला नंबर पोलैंड का है।

वीडियो में वह चेचन भाषा में बोल रहे हैं, लेकिन सबटाइटल से पता चलता है कि वह क्या

**पोलैंड आधिकारिक तौर पर मांगे माफी**

कह रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर यूक्रेन के बाद उन्हें आदेश मिलता है तो वह अगले छह सेकेंड पोलैंड को यह दिखा देंगे कि उनकी क्षमता क्या है। इसके साथ ही वह कह रहे हैं कि पोलैंड ने जो हथियार यूक्रेन को दिए हैं उसे अब वापस ले लेना चाहिए। रूस से टक्कर लेने के लिए यूक्रेन को हथियार देने वाले देशों में पोलैंड अग्रणी रहा है।

कादिरोव वीडियो में पोलैंड में रूसी राजदूत पर लाल पेंट फेंके जाने का भी जिक्र करते हैं। उन्होंने धमकी भरे लहजे में कहा कि आपने हमारे राजदूत के साथ जो किया है उसके लिए आपको आधिकारिक तौर पर माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आप ये न सोचें हम इस चीज को नजरअंदाज कर देंगे। हमें सबकुछ याद है। दरअसल 9 मई को रूस के विक्ट्री डे के मौके पर पोलैंड में रूसी राजदूत पर लाल रंग फेंका गया था।

**रमजान कादिरोव कौन हैं:** रमजान कादिरोव पर मुस्लिम बाहुल्य चेचन्या गणराज्य के अध्यक्ष हैं। उन पर चेचन्या में ह्यूमन राइट्स के खिलाफ काम करने के आरोप लगते रहे हैं। कादिरोव ने यूक्रेन पर पुतिन के हमले का स्वागत किया और रूस के समर्थन में अपनी सेना भेजा। कादिरोव ने कहा था कि मार्च के मध्य में उनके एक हजार सैनिक वहां थे।

## गीतांजलि श्री के उपन्यास टूंब आफ सैंड ने जीता अंतरराष्ट्रीय बुकर पुरस्कार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। लेखिका गीतांजलि श्री के उपन्यास टूंब आफ सैंड को अंतरराष्ट्रीय बुकर प्राइज मिला है। प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय बुकर पुरस्कार जीतने वाली किसी भी भारतीय भाषा की यह पहली पुस्तक बन गई है। गीतांजलि श्री की पुस्तक का अंग्रेजी अनुवाद डेजी राकवेल ने किया है। उनका उपान्यास टूंब आफ सैंड, भारत के विभाजन से जुड़ी पारिवारिक गाथा है, जो अपने पति की मृत्यु के बाद एक 80 साल की महिला का अनुकरण करती हैं। बता दें कि 50,000 पाउंड के पुरस्कार के लिए चुने जाने वाली पहली हिंदी भाषा की किताब है। गुरुवार को लंदन में आयोजित समारोह में लेखिका श्री ने यह सम्मान अपनाते हुए कहा कि मैं इस सम्मान पाकर पूरी तरह से अभिभूत हूं। उन्होंने कहा, मैंने कभी बुकर पुरस्कार पाने का सपना नही देखा था। उन्होंने आगे कहा कि यह सम्मालन मिलना मेरे लिए गर्व की बात है। गीतांजली श्री ने कहा कि मेरे और इस किताब के पीछे हिंदी और अन्य दक्षिण एशियाई भाषाओं के कुछ बेहतरीन लेखकों को जानने के लिए विश्व साहित्य अधिक समृद्ध होगा।

## Page Three

## Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द


# पहाड़ों के अस्पतालों में चिकित्सकों के पद लंबे अर्से से है खाली

**जिम्मेदार कौन**

## पदों को भरने के लिए शासन को कई बार भेजा जा चुका है पत्र

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट।**

पिथौरागढ़। सीमांत जनपद पिथौरागढ़ से लगे सीमांत की तहसील क्षेत्रों में वर्तमान में सामुदायिक स्वास्थ केन्द्रों में डॉक्टरों की खासी कमी बनी हुई है। जानकारी के मुताबिक सीमांत के सामुदायिक स्वास्थ केन्द्रों के अस्पताल में अब तक डॉक्टरों की कमी के चलते गंभीर बीमारी से जूझ रहे मरीजों को बेहतर इलाज मिल पाना वर्तमान में संभव नहीं हो पा रहा है। ऐसे में मरीजों के तीरमदारों के सामने चुनौती होती है कि वे अपने बीमार मरीज को जिला मुख्यालय अस्पताल में ले जाकर दिखाने को मजबूर हो रहे है।

जानकारी के मुताबिक गंगोलीहाट में बीस पद स्वीकृत है जबकि छह पद खाली चल रहे है। मूनाकोट बडालू में बारह पद स्वीकृत है जबिक दो पद खाली चल रहे है। कलानीछीना अस्पताल में पंद्रह पद स्वीकृत है जबकि पांच पद खाली चल रहे है।




धारचूला अस्पताल में बाइस पद स्वीकृत है जबकि एक पद खाली चल रहा है। सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र डीडीहाट में सत्रह पद स्वीकृत है तो ग्यारह पद खाली चल रहे है। बेरीनाग में चौदह पद स्वीकृत है तो पांच पद खाली चल रहे है। वही मुंसयारी में उन्नीस पद स्वीकृत है तो दस पद खाली चल रहे है।

अब बात करें सीमांत जनपद के चिकित्सालय बीडी पांडे अस्पताल की तो सीमांत जिले में लंबे समय से बदहाल पड़ी स्वास्थ सेवाओं के लिए मरीज व उनके तीरमदार खासतौर पर परेशान चल रहे है। जिले के सबसे बड़े इस अस्पताल में वर्तमान में विशेषज्ञ चिकित्सकों सहित बासठ चिकित्सकों के पद वर्तमान में खाली चल रहे है। जिला अस्पताल में चिकित्सकों के चौतीस पद स्वीकृत है। इक्कीस पदों पर नियमित चिकित्सक कार्यरत है।

बता दें कि सबसे बड़े जिले के अस्पताल में बीमरी के इलाज के आने वाले मरीजों के लिए हद्य रोग स्पेलिस्ट ,न्यूरोलाजिस्ट ,रेडियोलाजिस्ट , चर्म रोग विशेषज्ञ के तेरह पद वर्तमान में खासतौर पर खाली पड़े हुए है। ऐसे में जिला मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एचएस हयांकी ने बताया कि सीमांत के अस्पतालों में लंबे समय से चिकित्सक के पद खाली चल रहे है। पदों को भरने के लिए शासन को कई बार पत्र मोदन कर दिया गया है। मगर आज तक शासन से उचित जवाब नहीं आया । वही दूसरी ओर सीमांत जनपद की तहसीलों में डॉ. की किल्लत लंबे समय से बरकरार है। ऐसे में शासन से आदेश जारी होने के बाद ही कुछ कह पाना संभव हो पायेगा।

## न्यूज डायरी

### अल्मोड़ा में 2419 अभ्यर्थी देंगे सिविल सेवा प्रारंभिक की परीक्षा

**संवाददाता** अल्मोड़ा। संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा के लिए जिले में कुल 12 केंद्र बनाए गए है। इन केंद्रों में पंजीकृत कुल 2419 परीक्षार्थी शामिल होंगे। जिला मुख्यालय में बने 10 केंद्रों में 2039 एवं रानीखेत के दो केंद्रों में 373 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। जिला मुख्यालय के राजकीय इंटर कालेज में 384, राजकीय बालिका इंटर कालेज में 384, अल्मोड़ा इंटर कालेज, आर्य कन्या इंटर कालेज, एडम्स गर्ल्स इंटर कालेज और विवेकानंद इंटर कालेज रानीधारा में 288–288, विवेकानंद बालिका विद्या मंदिर जीवनधाम में 192, राजकीय महिला पालीटेक्निक में 192, सोबन सिंह जीना मिडिल कैंपस में 107 एवंम एसएसजे अपर कैंपस में 12 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। वहीं रानीखेत में राजकीय बालिका इंटर कालेज में 192 तथा मिशन इंटर कालेज में 181 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।

### कुमाऊं विवि के दीक्षांत समारोह में 58,640 विद्यार्थियों को प्रदान की गई उपाधियां

**संवाददाता** नैनीताल। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह(से नि) ने शुक्रवार को डी.बी.एस परिसर में आयोजित कुमाऊं विश्वविद्यालय के 17वें दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि/उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत भी मौजूद रहे। दीक्षांत समारोह में राज्यपाल और उच्च शिक्षा मंत्री ने शैक्षिक सत्र 2019–20 एवं 2020–21 के सामान्य एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के स्नातक एवं परास्नातक स्तर के कुल 58,640 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की। समारोह में जहां 410 विद्यार्थियों को पी.एच.डी की उपाधि प्रदान की गई वहीं स्नातक एवं परास्नातक कक्षाओं में उच्चतम अंक प्राप्त करने वाले 115 विद्यार्थियों को मेडल एवं 5 विद्यार्थियों को नगद पुरस्कार दिए गए।

### पुण्यतिथि पर याद किए गए पंडित जवाहर लाल नेहरू

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में देश के प्रथम प्रधानमंत्री स्व0 पंडित जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अपने प्रिय नेता को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष करन माहरा ने स्व0 नेहरू के जीवन पर बोलते हुए कहा कि नेहरू जी सच्चे देशभक्त थे उनके नेतृत्व में देश ने नये आयाम स्थापित किये। माहरा ने कहा कि नेहरू जी के नेतृत्व में देष के विकास को एक नई दिशा मिली। उन्होंने कहा कि वह नेहरू जी ही थे जिन्होंने एक मजबूत भारत की आधारशिला रखी। नेहरू जी के नेतृत्व में देश के अन्दर लोकतंत्र एवं धर्म निरपेक्षता की जड़ें मजबूत हुई।

## उपचुनाव के लिए 724 दिव्यांग व बुजुर्ग मतदाताओं ने किया मतदान

**संवाददाता** चम्पावत। उपचुनाव के लिए 80 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं को निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदान पार्टियां द्वारा घर–घर जाकर मतदान करा लिया गया है। प्रारूप 12 में कुल 753 मतदाताओं द्वारा आवेदन किया गया था, जिसमें से 724 बुजुर्ग तथा दिव्यांग मतदाताओं ने अपने वोट डाल दिए हैं।

जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नरेंद्र सिंह भंडारी ने बताया कि 80 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग मतदाता तथा दिव्यांग मतदाता जिनके द्वारा बूथ पर जाकर मतदान करना हैं उन्हें बूथ तक लाने हेतु निर्वाचन विभाग की ओर से सहायता प्रदान करने की व्यवस्था की है। प्रत्येक बूथ में वॉलिंटियर्स के साथ ही विभिन्न कार्मिकों को तैनात किया गया है।

शुक्रवार को जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी कार्मिकों एवं वॉलिंटियर्स के अलावा स्कूलों के प्रधानाचार्य के साथ वर्चुअली बैठक कर मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदाताओं को बूथ तक लाने हेतु आवश्यक सहयोग करने तथा उन्हें मतदान हेतु प्रेरित करने को कहा। उन्होंने कहा कि जो स्कूली बच्चे वॉलिंटियर्स का कार्य कर लोकतंत्र के पर्व में अपनी भागीदारी दे रहे हैं उनके लिए यह एक महत्वपूर्ण कार्य है। जिससे वह मतदान के महत्व के बारे में भी समझ पाएंगे। वर्चुअल बैठक में सीडीओ राजेन्द्र सिंह रावत सहित अन्य उपस्थित रहे। उपचुनाव में 1406 सर्विस मतदाता ऑनलाइन मत पत्रों के जरिए मतदान करेंगे।



## सीएमओ आफिस पर गरजी आधी आबादी

**संवाददाता** बागेश्वर। वीरागंना ग्राम पंचायत महिला जनप्रतिनिधि संगठन सीएमओ कार्यालय पर गरजा। उन्होंने स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं का तत्काल निदान करने की मांग की। चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों को दरकिनार किया गया तो वह सड़कों पर उतर कर अपने हकों की जंग शुरू करेंगे। शुक्रवार को महिला संगठन नारेबाजी के साथ सीएमओ कार्यालय धमका। वहां प्रदर्शन किया। कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बैजनाथ के हाल बेहाल हैं। वहां एक महिला डाक्टर हैं। वह अवकाश पर रहती हैं तो अतिरिक्त महिला डाक्टर नहीं होने से गर्भवतियों को परेशानी होती है। सरकार के लाख दावों के बावजूद दवा बाहर से लिखी जा रही है। सुदूर गांवों से आने वाली गर्भवती और बच्चों को दवा की पर्ची लेकिर दर–दरक भटकना पड़ रहा है।

# छात्र–छात्राओं को नहीं हो पा रहा विविध खेलों का ज्ञान

**संवाददाता** अल्मोड़ा। एक ओर सरकार खेलों के उन्नयन को अपनी शीर्ष प्राथमिकताओं में गिनाती है। नीति नियंताओं की ओर से बार–बार यह कहा जाता है कि खेलों के क्षेत्र में भी भविष्य निर्माण की अपार संभावनाएं हैं। वहीं जनपद में संचालित कुल 298 शासकीय व अशासकीय विद्यालयों में से करीब 140 स्कूलों में खेल प्रशिक्षक ही नहीं हैं।

जिला मुख्यालय व इसके आसपास के कुछ स्कूलों को छोड़ दिया जाएं तो ग्रामीण क्षेत्रों के माध्यमिक स्कूलों में खेल गतिविधियों का बुरा हाल है। पृथक उत्तराखंड राज्य गठन के बाद अभिभावकों व उनके पाल्यों को विश्वास था की माध्यमिक विद्यालयों में खेल सुविधाओं का विस्तार होगा। वहीं राज्य गठन के 21 सालों बाद भी ऐसा नहीं हो पाया है। कहीं स्कूलों में खेल मैदान ही नहीं हैं तो कहीं खेल प्रशिक्षकों का टोटा बना हुआ है।

> *खिलाड़ियों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं शासन की ओर से संचालित की जा रही हैं। जिन स्कूलों में खेल प्रशिक्षकों के पद खाली हैं। उन स्कूलों की सूची शिक्षा निदेशालय को भेजी गई है।*
>
> – सुभाष चंद्र भट्ट, मुख्य शिक्षा अधिकारी, अल्मोड़ा।

कई स्कूलों में शिक्षा सत्र शुरू होने के 56 दिनों बाद भी खेल गतिविधियां शुरू नहीं हो पाई हैं। ऐसे में छात्र–छात्राओं को बाक्सिंग, कबड्डी, हाकी, वालीबाल, खो–खो आदि खेलों के बारे में जानकारी नहीं मिल पा रही है।

हालात यह हैं कि कई ऐसे विद्यालय हैं, जहां खेल प्रशिक्षक के पद स्वीकृत हैं, परंतु वहां पद अरसे से खाली पड़े हैं। वहीं कई माध्यमिक स्कूल ऐसे हैं, जहां खेल प्रशिक्षक (शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षक) के पद ही स्वीकृत नहीं हैं। विद्यालयों के शिक्षक–अभिभावक संघ, विद्यालय प्रबंधन समिति व विद्यालय विकास प्रबंध समिति तथा विविध खेल संगठन यह मांग अरसे से उठा रहे हैं, इसके बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है।

## चारधाम यात्रा में घोड़ों खच्चरों का हो रहा शोषणः नलिनी तनेजा

**संवाददाता** देहरादून । नवोत्थान सोसाइटी द्वारा देहरादून के उत्तरांचल प्रेस क्लब में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया । प्रेस वार्ता करते हुए नवोत्थान सोसाइटी की संस्थापक नलिनी तनेजा ने कहा कि चारधाम यात्रा में घोड़ो खच्चरों का शोषण हो रहा है उसके खिलाफ एक जुट होकर आवाज उठा रहे है इसलिए हमारी संस्था सरकार और मंदिर सीमित से मेरा कुछ प्रश्न जिसमे 14 से 19 किलोमीटर गौरीकुंड से केदारनाथ की पैदल यात्रा है उसमें घोड़ो खच्चरों का पैदल यात्रा में उपयोग करते समय इनकी देख रेख के लिए क्या ठोस कदम उठाया गया है। एक आंकड़े के अनुसार 2300 घोड़ो खच्चरों का रजिस्ट्रेशन किया गया है बाकी घोड़ो खच्चरों का रजिस्ट्रेशन क्यों नही। नलिनी ने बताया कि इन जानवरों को हरा चारा नही मिल रहा है । इनकी मृत्यु का प्रमुख कारण ग्लेशियर के बर्फ का पानी पीना भी है। नलिनी तनेजा ने मांग करते हुए कहा कि इन घोड़ो और खच्चरों का रूटीन हेल्थ जाँच होनी चाहिये।

*व्यक्ति को अपने जीवन परछाई और आईने के जैसे दोस्त बनाने चाहिए।*
*–अज्ञात।*




विचार-प्रवाह

देहरादून, शनिवार, 28 मई 2022

पेज थ्री
www.page3news.in


# 'राजनीति' करता है विपक्ष

**अपोजिशन पार्टियों ने आरोप लगाया है कि हेट स्पीच देने वालों को आधिकारिक स्तर पर पनाह दी जा रही है और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं हो रही। बीजेपी ने इन आरोपों पर विपक्षी दलों को घेरा है। पार्टी ने कहा कि विपक्षी पार्टियां पिछले 70 साल से तुष्टीकरण और वोट बैंक की राजनीति कर रही हैं।**

नीतू शाह।।

रामनवमी और हनुमान जयंती के दौरान देश में कई जगहों पर सांप्रदायिक हिंसा को लेकर सियासत शुरू हो गई है। इस सिलसिले में 13 विपक्षी दलों के नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुप्पी पर सवाल उठाए हैं। अपोजिशन पार्टियों ने आरोप लगाया है कि हेट स्पीच देने वालों को आधिकारिक स्तर पर पनाह दी जा रही है और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं हो रही। बीजेपी ने इन आरोपों पर विपक्षी दलों को घेरा है। पार्टी ने कहा कि विपक्षी पार्टियां पिछले 70 साल से तुष्टीकरण और वोट बैंक की राजनीति कर रही हैं। इसी वजह से आज हालात बिगड़ रहे हैं। बीजेपी ने यह भी कहा कि विपक्षी दल सांप्रदायिक ध्रुवीकरण को बढ़ावा देना चाहते हैं। दोनों तरफ की बयानबाजी जहां एक ओर इस मुद्दे पर राजनीति की पुष्टि करती है तो दूसरी ओर इससे यह भी जाहिर होता है कि सांप्रदायिक ध्रुवीकरण बढ़ने और हिंसा से कोई इनकार नहीं कर रहा। अगर इस पर दोनों ही पक्ष एकमत हैं तो उनकी ओर से एक साझा अपील होनी चाहिए। इसमें कहा जाना चाहिए कि ऐसे मुद्दों को हवा ना दी जाए, जिससे समाज में दूरी बढ़े। जमीनी स्तर पर भी राजनीतिक पार्टियों के कार्यकर्ता इसे रोकने की कोशिश कर सकते हैं। इसके साथ संबंधित राज्य सरकारों को हेट स्पीच देने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। इससे यह संदेश जाएगा कि नफरत बढ़ाने वालों और सांप्रदायिक हिंसा करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।



अक्सर कहा जाता है कि कुछ बेहद छोटे और हाशिये पर पड़े संगठन धार्मिक वैमनस्यता बढ़ाने की कोशिश करते हैं। इसलिए इन संगठनों की बातों पर ध्यान देने की जरूरत नहीं है। लेकिन सोशल मीडिया की वजह से आज हाशिये के ये संगठन नफरत को करोड़ों लोगों तक पहुंचाने में कामयाब हो रहे हैं। वे इसके लिए फेक न्यूज का भी सहारा ले रहे हैं। इन्हें रोकना होगा। यह भी याद रखना होगा कि ध्रुवीकरण और सांप्रदायिक हिंसा से आर्थिक गतिविधियों को नुकसान पहुंचता है।

विदेशी निवेश भी प्रभावित होता है। दवा कंपनी बायोकॉन की संस्थापक किरण मजूमदार शॉ ने हाल ही में इस ओर ध्यान दिलाया था। तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु सरकारों ने कर्नाटक में बढ़ते ध्रुवीकरण का जिक्र करके वहां की कंपनियों को अपने–अपने राज्यों में आने का न्योता दिया था। यह भले ही अलग किस्म की सियासत हो, लेकिन इसकी बुनियाद में बढ़ती सामाजिक दूरी ही है। यह भी याद रखना होगा कि प्रधानमंत्री सबका साथ, सबका विकास की बात कहते आए हैं। वह पहले कई बार सांप्रदायिक वैमनस्यता बढ़ाने वालों को सख्त संदेश दे चुके हैं। बीजेपी में शीर्ष स्तर से फिर से यह संदेश दिया जाना चाहिए। इस बात का भी खयाल रखा जाना चाहिए कि ऐसी घटनाओं से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की छवि खराब होती है।

## सकारात्मक ऊर्जा

धर्म-दर्शन



**अशोक वोहरा।** एक बात का भी ध्यान रखें कि कभी भी घर में सूखा हुआ मनी प्लांट न रखें। सूखा हुआ मनी प्लांट घर में रखना शुभ नहीं माना जाता। ऐसा करने से घर में गरीबी आती है। इसके अलावा मनी प्लांट को घर के बाहर रखने की बजाए घर के अंदर रखना चाहिए। ऐसा करने से सकारात्मक ऊर्जा घर के अंदर आती है। वहीं इस पौधे को घर के बाहर लगाया जाए तो इसका नकारात्मक ऊर्जा खत्म हो जाता है और ये अच्छा फल देने के बजाय नुकसान करने लगता है। मान्यता है कि ऐसा करने से आपके घर की लक्ष्मी दूसरे के यहां चली जाती हैं, जिसके चलते आपको शुभ फल नहीं मिलेंगे। वास्तु शास्त्र में कई तरह के उपाय बताए जाते हैं जिससे घर के अंदर मौजूद नकारात्मक ऊर्जा खत्म हो जाती है और सकारात्मक ऊर्जा का घर में प्रवेश होने लगता है।

## संपादकीय

### सरकार का नजरिया साफ

केंद्र सरकार के मंत्री और बीजेपी शासित राज्यों के सीएम कॉमन सिविल कोड लागू करने की बात कर रहे हैं। अब ऐसे में केंद्र सरकार का अदालत के सामने रेकॉर्ड पर क्या स्टैंड आता है, इसका अनुमान लगाना कठिन नहीं है। अदालत के किसी नतीजे पर पहुंचने में कितना वक्त लगेगा, यह नहीं कहा जा सकता लेकिन राज्य सरकारों के लिए अपने–अपने राज्य में ऐसा कोई कानून बनाने पर कोई रोक नहीं है। जैसा पहले बताया गया है कि गोवा इसका उदाहरण है, जहां पुर्तगाल सिविल कोड लागू है। वैसे कॉमन सिविल कोड को लेकर जिस तरह की भूमिका बन गई है, उसमें इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि इसकी बिसात पर आने वाले दिनों में राजनीतिक दलों के बीच शह और मात का खेल खेला जाएगा। सत्तारूढ़ दलों के नेताओं के बयानों के बीच विपक्ष के नेताओं ने भी अपनी कमर कसनी शुरू कर दी है, उस खेमे से भी बयानों का दौर शुरू हो चुका है। मसलन एक याचिका में कहा गया है कि देश भर के नागरिकों के लिए उत्तराधिकार से संबंधित नियम और आधार एक होना चाहिए। दरअसल यह एक ऐसा मुद्दा है, जिस पर धार्मिक आधार पर गोलबंदी की भी गुंजाइश बनती है, जो वोट के नजरिए से राजनीतिक दलों को सबसे ज्यादा भाती है।

कॉमन सिविल कोड पर सुप्रीम कोर्ट में भी याचिकाएं हैं, जिन पर केंद्र सरकार को राजनीतिक बयानबाजी के बजाय शपथपत्र के जरिए अपना पक्ष साफ करना होगा।

# 'सुप्रीम' राय भी यह रही है

राजेश [illegible]।।

पिछले दिनों केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का एक बयान आया, 'सीएए, राम मंदिर, अनुच्छेद–370 और तीन तलाक जैसे मुद्दों पर फैसले हो गए हैं, अब बारी कॉमन सिविल कोड की है।' उनके इस बयान से पहले उत्तराखंड सरकार इसे लागू करने की दिशा में कदम बढ़ा चुकी है और यूपी से भी इससे मिलता–जुलता बयान आ चुका है। कॉमन सिविल कोड को लेकर जिस तरह का माहौल बनता दिख रहा है, उससे लगता है कि 2024 के लोकसभा चुनाव का अजेंडा सेट हो चुका है। कॉमन सिविल कोड पर सुप्रीम कोर्ट में भी याचिकाएं हैं, जिन पर केंद्र सरकार को राजनीतिक बयानबाजी के बजाय शपथपत्र के जरिए अपना पक्ष साफ करना होगा। राम मंदिर और तीन तलाक जैसे मुद्दों पर अदालत में केंद्र सरकार पक्षकार भी नहीं थी, लेकिन कॉमन सिविल कोड में तो सरकार पक्षकार भी है। ऐसे में केंद्र सरकार के लिए इस मामले में आगे बढ़ना ज्यादा आसान होगा।

अभी तक देश में अलग–अलग धर्मों के लिए अपने–अपने पर्सनल लॉ हैं। मुस्लिम पर्सनल लॉ में बहुविवाह अर्थात चार निकाह करने की छूट है, लेकिन अन्य धर्मों में 'एक पति–एक पत्नी' का नियम बहुत कड़ाई से लागू है। विवाह की न्यूनतम उम्र भी सबके लिए एक समान नहीं है।



मुस्लिम लड़कियों की वयस्कता की उम्र निर्धारित नहीं है, माहवारी शुरू होने पर लड़की को निकाह योग्य मान लिया जाता है। अन्य धर्मों में लड़कियों की विवाह की न्यूनतम उम्र 18 वर्ष और लड़कों की विवाह की न्यूनतम उम्र 21 वर्ष है। हिंदू मैरिज एक्ट के तहत 15 साल से ज्यादा उम्र की लड़की की शादी होती है तो वह शादी अमान्य नहीं बल्कि अमान्य करार दिए जाने योग्य है। मुस्लिम कानून में मौखिक वसीयत और दान मान्य हैं, लेकिन अन्य धर्मों में केवल पंजीकृत वसीयत और दान ही मान्य हैं। उत्तराधिकार के नियम भी अलग–अलग धर्मों में अलग–अलग हैं। विवाह विच्छेद का आधार भी सबके लिए एक समान नहीं है। गोद लेने का नियम भी हिंदू, मुस्लिम, पारसी, ईसाई के लिए अलग–अलग है।

1985 में शाहबानो केस में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि यह अत्यधिक दुख का विषय है कि हमारे संविधान का अनुच्छेद 44 मृत अक्षर बनकर रह गया है। 1995 में सरला मुदगल केस में सुप्रीम कोर्ट ने फिर कहा कि संविधान के अनुच्छेद 44 के अंतर्गत व्यक्त की गई संविधान निर्माताओं की इच्छा को पूरा करने में सरकार और कितना समय लेगी? 2017 में फटाफट तीन तलाक से संबंधित शायरा बानो केस में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम भारत सरकार को निर्देशित करते हैं कि वह उचित विधान बनाने पर विचार करे। वहीं 2019 में सुप्रीम कोर्ट ने जोस पाउलो केस में सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि देश में समान नागरिक आचार संहिता लागू करने के लिए अभी तक कारगर प्रयास नहीं किया गया। तत्कालीन जस्टिस दीपक गुप्ता की अगुआई वाली बेंच ने कहा कि गोवा बेहतरीन उदाहरण है। वहां पुर्तगाल सिविल कोड 1867 लागू है जिसके तहत उत्तराधिकार और विरासत का नियम लागू है। दरअसल अनुच्छेद–44 के तहत नीति निर्देशक सिद्धांतों में यह बात कही गई है कि राज्य इस बात का प्रयास करेगा कि सभी नागरिकों के लिए कॉमन सिविल कोड होगा और देश भर में इसे लागू करने का प्रयास किया जाएगा। हालांकि कॉमन सिविल कोड लागू करने की सुप्रीम कोर्ट में अलग से याचिका नहीं है, लेकिन 2019 से लेकर अब तक पांच ऐसी याचिकाएं लंबित हैं जो किसी न किसी रूप में कॉमन सिविल कोड से जुड़ी हैं।

### अष्टयोग- 5109

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | | 3 | 5 | 1 | |
| 2 | 32 | 4 | 39 | 7 | 34 | 4 |
| | 1 | | 4 | | 5 | 2 |
| | 30 | 3 | 38 | 6 | 31 | |
| 1 | 2 | | 6 | | 7 | |
| 3 | 27 | 2 | 25 | 1 | 31 | |
| | 6 | 1 | 4 | | 3 | 5 |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 5108 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 1 | 4 | 2 | 3 | 5 |
| 2 | 28 | 4 | 33 | 7 | 35 | 4 |
| 1 | 2 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 5 | 28 | 3 | 38 | 6 | 34 | 1 |
| 4 | 2 | 6 | 3 | 5 | 1 | 7 |
| 3 | 31 | 2 | 31 | 1 | 30 | 6 |
| 6 | 1 | 7 | 4 | 3 | 5 | 2 |


■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## अपना ब्लॉग

### हर गली–नुक्कड़ में रामलीलाओं का मंचन

**मोहन।** क्या आपने गौर किया है कि कोई फिल्म आपको कितनी भी अच्छी क्यों न लगती हो लेकिन आप एक से दूसरी, तीसरी बार देखने पर उससे भी ऊबने लगते हैं। एक बार थिएटर से फिल्म उतर जाती है तो बहुत कम बार ऐसा होता है कि वो दोबारा रिलीज हो। पर क्या आपने कभी सोचा है कि एक–एक घटना से परिचित होने के बावजूद, एक–एक अध्याय जानने के बावजूद, क्यों हर साल देश के हर गली–नुक्कड़ में रामलीलाओं का मंचन होता है। वो हर साल पूरे देश में उसी उत्साह से रिलीज हो जाती है! क्या वजह है कि एक समाज के तौर पर हम आज भी उससे बोर नहीं होते। उससे ऊबते नहीं है। वो आज भी ताजा भी उतनी ही ताजा बनी हुई है। वो इसलिए क्योंकि रामायण में किसी 'टारगेट ऑडियंस' को खुश करने की कोशिश नही की गई। उसमें जनता को उत्तेजित करने के लिए कोई झूठ नहीं बुना गया। समाज अगर यूं ही 'लोकप्रिय इंसाफ' की तरफ बढ़ता रहा तो अगला बुलडोजर अदालत पर चलेगा!





## करण की पार्टी में स्टारकिड्स का मेला

बॉलिवुड डायरेक्टर करण जौहर की बर्थडे की पार्टी खूब सुर्खियों में छाई हुई है। सोशल मीडिया पर सेलेब्स की तस्वीरें और वीडियो खूब छाई हुई हैं। करण जौहर के बर्थडे बैश में स्टारकिड्स से लेकर साउथ स्टार्स और तमाम दिग्गजों का जमावड़ा देखने को मिला। गौरी खान अपने आंख के तारे आर्यन के साथ नजर आईं तो श्वेता नंदा बच्चन भी बेटी नव्या नवेली को लेकर इस पार्टी में पहुंची। शाहरुख खान इन दिनों अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट्स के चलते बिजी हैं। वह करण जौहर की पार्टी में नजर नहीं आए। लेकिन गौरी खान और बेटे आर्यन खान साथ में नजर आए। सारा अली खान अपने भाई का हाथ पकड़ कर करण जौहर के बर्थडे बैश में नजर आईं। वहीं सारा के पिता सैफ और करीना कपूर भी नजर आईं। जूही चावला करण जौहर की पार्टी में बेटे अर्जुन के साथ नजर आईं। करण जौहर की पार्टी में शनाया कपूर अपनी डेब्यू फिल्म बेधड़क स्टार्स के साथ पोज देती आईं तो दूसरे फ्रेम में शनाया कपूर की मां महीप कपूर भी दिखीं।

## करण जौहर की बर्थडे पार्टी में एक–दूसरे में डूबे कियारा और सिद्धार्थ

डायरेक्टर करण जौहर के 50वें बर्थडे से कई शानदार पल देखने को मिले। करण जौहर ने इस पार्टी में बॉलिवुड से लेकर साउथ को इनविटेशन भेजा। इस पूरी पार्टी में सबसे खास तो सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी को साथ में देखना रहा। दोनों पिछले कुछ समय से ब्रेकअप की खबरों को लेकर चर्चा में थे। लेकिन करण जौहर की बर्थडे पार्टी में दोनों ने एक बार फिर अपने रिश्ते पर मुहर लगा दी। कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा इस पार्टी में एक साथ कार में नजर आए। करण जौहर की पार्टी में कियारा आडवाणी आते वक्त जुग जुग जियो स्टार वरुण धवन के साथ नजर आईं। लेकिन पार्टी खत्म होने के बाद वह सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ कार में जाती दिखीं। इस बैश में पैपराजी के कैमरे से ये कपल बच नहीं पाया। कार में बैठे सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी को देख फैंस काफी एक्साइटिड हैं। इतना ही नहीं सिद्धार्थ मल्होत्रा परिणीति चोपड़ा के साथ भी हंसते मुस्कुराते नजर आए। बता दें पिछले कुछ समय से लगातार खबरें आ रही थीं कि कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा का ब्रेकअप हो गया। फिर खबरें सामने आई कियारा आडवाणी ने भूल भुलैया 2 की स्पेशल स्क्रीनिंग के लिए सिद्धार्थ मल्होत्रा को कॉल किया और स्पेशल इनविटेशन दिया। इस एक कॉल ने दोबारा लवबर्ड्स को एक कर दिया है।

## ऐक्ट्रेस बिदिशा डे मजूमदार ने की आत्महत्या, सूइसाइड नोट भी बरामद



सिनेमा की दुनिया से एक और चौंकाने वाली खबर सामने आ रही है। 21 साल की मशहूर बंगाली ऐक्ट्रेस और मॉडल बिदिशा डे मजूमदार ने आत्महत्या कर ली है। पुलिस को बिदिशा की लाश उनके कोलकाता वाले घर में फंदू से लटकी हुई मिली है। बिदिशा नगरे बाजार स्थित इस अपार्टमेंट में बीते 4 महीने से किराए पर रह रही थीं। साथ में ऐक्ट्रेस के पैरेंट्स भी रहते थे। पुलिस को मौका–ए–वारदात से सूइसाइड नोट भी मिला है। बिदिशा के घर का दरवाजा अंदर से बंद था। ऐसे में जब पुलिस मौके पर पहुंची तो दरवाजा तोड़कर अंदर जाना पड़ा। फ्लैट में बिदिशा की लाश फंदे से लटकी हुई थी। पुलिस ने मौके से बरामद सूइसाइड नोट और ऐक्ट्रेस की लाश को तत्काल अपने कब्जे में ले लिया। शव को आरजी कर अस्पताल पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है, जिसकी रिपोर्ट अभी नहीं आई है। बिदिशा के दोस्तों ने पुलिस को बताया कि वह अपने बॉयफ्रेंड की वजह से डिप्रेशन में थीं। ऐक्ट्रेस की करीबी दोस्त दीया दास ने दावा किया है कि बिदिशा का बॉयफ्रेंड अनुभव उसे चीट कर रहा था। अनुभव की तीन और गर्लफ्रेंड्स थीं। बिदिशा को जब इस बात की खबर लगी तो दोनों के बीच खूब झगड़ा हुआ। इस बात से वह बहुत परेशान थी और डिप्रेशन में थी।

# राहुल वैद्य के नॉटी बालम सॉन्ग को देख भड़कीं उर्फी जावेद

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

*अपने पहनावे के लिए अकसर ही लोगों के निशाने पर रहने वाली उर्फी जावेद ने अब सिंगर और बिग बॉस 14 के कंटेस्टेंट राहुल वैद्य पर निशाना साधा है। उर्फी जावेद ने राहुल वैद्य को उनके लेटेस्ट गाने नॉटी बालम के लिए सेक्सिस्ट हिप्पोक्रेट कहा है। कुछ दिन पहले उर्फी जावेद ने अपना एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें उन्होंने नीचे कुछ नहीं पहना था और सिर्फ एक ट्रांसपैरंट चुन्नी बांधी हुई थी। इस वीडियो के लिए उर्फी जावेद की खूब आलोचना हुई थी। तब राहुल वैद्य ने एक ट्वीट किया था, जिसमें उन्होंने उर्फी जावेद या किसी और का नाम लिए बिना फैशन के नाम पर नंगेपन पर कॉमेंट किया था।*



**राहुल वैद्य के इस ट्वीट से मचा था बवाल**


राहुल वैद्य ने ट्वीट किया था, मैंने आज इंस्टाग्राम पर एक फोटो देखा, जो वाइफ ने भेजा था। मेरी बात याद रखना कि आने वाले समय में लोग फैशन या ट्रेंड के नाम पर न्यूड तस्वीरें शेयर करने लगेंगे। इस ट्वीट को सबूत के तौर पर रख लीजिए।

**उर्फी जावेद का राहुल वैद्य पर पलटवार कहा-सेक्सिट हिप्पोक्रेट**

इस ट्वीट में राहुल वैद्य ने उर्फी का नाम कहीं भी नहीं लिया था, लेकिन सोशल मीडिया पर कुछ यूजर्स का कहना था कि राहुल ने उर्फी जावेद पर निशाना साधा है। अब शायद इसीलिए उर्फी जावेद ने भी पलटवार किया है। अपने नए गाने श्नॉटी बालमश में राहुल वैद्य, नायरा बनर्जी के साथ रोमांस करते नजर आ रहे हैं। नायरा ने स्विमसूट पहना हुआ है। इसी पर उर्फी ने रिऐक्ट करते हुए राहुल वैद्य के गाने का टीजर अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर किया।

**उर्फी ने लिखा- राहुल वैद्य के लिए इज्जत खत्म**





साथ में उर्फी जावेद ने लिखा, अपने फायदे के लिए एक महिला की बॉडी को सेक्शुअलाइज कर रहे हैं, लेकिन जब वह अपनी मर्जी से खुद को सेक्शुअलाइज करती है, अपनी मर्जी से जो चाहे पहनती और पोस्ट करती है तो लोगों को इससे परेशानी हो जाती है। मैं एक सिंगर के तौर पर राहुल वैद्य को बहुत पसंद करती थी। लेकिन अब सारी इज्जत खत्म हो गई। तुम एक सेक्सिट हिप्पोक्रेट हो।

**श्वेता श्रीवास्तव डिजाइन करती हैं उर्फी के कपड़े**

अब देखना यह होगा कि उर्फी जावेद के इस बयान पर राहुल वैद्य किस तरह रिऐक्ट करेंगे। उर्फी ने बताया था कि उनके कपड़े श्वेता श्रीवास्तव डिजाइन करती हैं। श्वेता ने भी बताया था कि उर्फी के लिए काम करने पर रिश्तेदार और दोस्त भी सवाल उठाते हैं।

# मेकर्स ने जेठालाल नहीं, ये रोल किया था ऑफर



*तारक मेहता का उल्टा चश्मा सिटकॉम में अपनी कॉमेडी से सभी को गुदगुदाने वाले ऐक्टर दिलीप जोशी अब किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। उन्होंने अपनी अदाकारी से लोगों के दिलों में जगह बनाई। 26 मई को वो अपना बर्थडे सेलिब्रेट कर रहे हैं। एक वक्त था, जब दिलीप ने महज 50 रुपये में अपना करियर शुरू किया था, कई फिल्मों में काम करने के बाद भी सफलता नहीं मिली थी, लेकिन तारक मेहता...शो ने उनकी जिंदगी बदल दी। उन्होंने जेठालाल का ऐसा किरदार निभाया, जिसके डायलॉग्स तक लोगों की जुबां पर चढ़ चुके हैं। अब वो न सिर्फ करोड़ों की संपत्ति के मालिक हैं, बल्कि शान–ओ–शौकत से अपनी जिंदगी जी रहे हैं।*

**33 साल पहले शुरू किया करियर**

दिलीप जोशी ने ऐक्टिंग करियर की शुरुआत 33 साल पहले 1989 में की थी। उन्होंने सलमान खान की हिट मूवी मैंने प्यार किया से फिल्मों में कदम रखा था। उन्होंने श्रामूश का किरदार निभाया था। इसके बाद वो कई गुजराती ड्रामा में दिखाई दिए। वो ये दुनिया है रंगीनश और क्या बात है में भी नजर आए, जिसमें उन्होंने साउथ इंडियन का किरदार निभाया।

**एक साल से बेरोजगार थे दिलीप**

इतनी फिल्मों में काम करने के बाद भी दिलीप जोशी को ज्यादा पॉप्युलैरिटी नहीं मिली थी। धीरे–धीरे उन्हें काम मिलना भी बंद हो गया था। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो एक समय ऐसा भी आया था, जब वो 1 साल तक बेरोजगार थे। फिर उनकी किस्मत ऐसी पलटी, जिसके गवाह आज हम और आप सभी हैं।

**चंपकलाल का रोल हुआ था ऑफर**

दिलीप जोशी को तारक मेहता का उल्टा चश्मा में रोल ऑफर हुआ। बताया जाता है कि मेकर्स ने उन्हें बाबू जी यानी चंपकलाल का किरदार ऑफर किया था, जोकि इस समय अमित भट्ट निभाते हैं। जब दिलीप ने स्क्रिप्ट पढ़ी तो उन्हें महसूस हुआ कि वो जेठालाल का किरदार अच्छे से निभा पाएंगे। उन्होंने मेकर्स के सामने अपनी राय रखी और उनका ऑडिशन लिया गया। उन्होंने ऑडिशन में ही इतनी अच्छी ऐक्टिंग करी कि उन्हें वो रोल तुरंत ऑफर कर दिया गया। इसके बाद दिलीप ऐसे छाए कि अब उनके नाम से ज्यादा लोग उन्हें श्जेठालालश के किरदार से ज्यादा जानते हैं।

# नहीं सताएगा एसिडिटी का डर, दिल खोल कर खा सकेंगे तला-भूना

*भारत के व्यंजनों में तेल मसाले दिल खोलकर डाले जाते हैं। और इसे दिल खोलकर खाया भी जाता है, बिना किसी चीज की चिंता किए बगैर। हम में से कई लोग जीभ के स्वाद को पेट के स्वास्थ्य से पहले रखते हैं। और ऐसे में इनका शरीर गैस, पेट में जलन, एसिडिटि, कब्ज जैसी पाचन संबंधित बिमारियों का घर बन जाता है। ये समस्या शादी और गर्मी के मौसम में और भी बढ़ जाती है। तो क्या आपको अपने डाइट से तेल मसाले को हटा देना चाहिए? नहीं, आपको ऐसा बिल्कुल भी करने की जरूरत नहीं है।*



**फाइबर पेट को रखता है साफ**

ज्यादा तला भूना खाने के बाद हल्का और फाइबरयुक्त खाना पेट की सेहत के लिए बेहतर माना जाता है। फाइबरयुक्त आहार पेट की सफाई करने में मदद करने के साथ ज्यादा तेल खाने के बाद पाचन क्रिया में हुए डेमेज को कंट्रोल करता है। ऐसे में आप दलिया या ओट्स का सेवन कर सकते हैं।

अगर आप अपना मन पंसद लजीज मसालेदार खाना खाने के बाद सुबह कब्ज से परेशान नहीं होना चाहते हैं तो खाने के बाद हल्का गर्म पानी जरूरी पिएं। हल्का गर्म पानी पाचन क्रिया को तेज और आसान बनाता है।

**चाय, कॉफी नहीं ग्रीन टी है सेहतमंद**

खाने के बाद चाय या कॉफी की जगह ग्रीन टी का सेवन फायदेमंद होता है। यह फ्लेवोनोइड से भरपूर होता है जो पाचन प्रणाली में ऑक्सीडेटिव लोड को संतुलित करने के लिए एंटीऑक्सिडेंट बनाता है।

**दही एसिडिटी में है फायदेमंद**

आयुर्वेद भी खाने के बाद दही खाने की सलाह देता है। दही के साथ भूना हुआ जीरा पचान प्रणाली को बुस्ट करता है। दही में उपस्थित प्रोबायोटिक्स लैक्टोबैसिलस बैक्टीरिया एसिडिटी को कम करने के साथ आंत को खाना बचाने में मदद करता है।

**सूखे मेवे का करें सेवन**

काजू, बादाम, पिस्ता, मूंगफली, किशमिश,सूखी खुबानी ,खजूर,सुपारी जैसे ड्राई फ्रूट्स में भरपूर मात्रा में फाइबर पाया जाता है। यह पाचन क्रिया को मजबूती देना में सहायक हो सकता है।

**अजवाइन पेट को रखता है कूल**

अजवाइन पानी खाने के बाद गैस, अपाचन, एसिडिटे के लिए सबसे ज्यादा उपयोग में लाए जाने वाला घरेलू नुस्खा है। इसकी तासीर ठंडी होती है। हल्के गर्म पानी के साथ एक चम्मच आजवाइ का सेवन पाचन संबंधित परेशानियों को खत्म कर सकता है।



## खून में जमा गंदा यूरिक एसिड खुद निकलेगा बाहर

यूरिक एसिड खून में पाया जाने वाला एक गंदा पदार्थ होता है। यह तब बनता है जब शरीर प्यूरीन नामक रसायनों को तोड़ता है। अधिकांश यूरिक एसिड रक्त में घुल जाता है, किडनियों से होकर गुजरता है और शरीर से पेशाब के जरिए बाहर निकल जाता है। प्यूरीन से भरपूर खाद्य और पेय पदार्थ भी खून में यूरिक एसिड लेवल को बढ़ाते हैं। खून में इसकी मात्रा बढ़ने से गाउट रोग हो सकता है। गाउट एक गठिया की तरह का रोग है जिसमें जोड़ों में गंभीर दर्द होता है। धनिया के हरे पत्ते सिर्फ खाने का स्वाद ही नहीं बढ़ाते बल्कि कई गंभीर बीमारियों का इलाज भी करते हैं। धनिया का आयुर्वेद में एक प्रमुख स्थान है। आप धनिया के पत्तों का इस्तेमाल ब्लड में क्रिएटिनी और यूरिक एसिड लेवल को कम करने के लिए कर सकते हैं। धनिया फाइबर, आयरन, मैंगनीज और मैग्नीशियम का एक बेहतर स्रोत है। प्रोटीन के अलावा पत्तियों में विटामिन सी और विटामिन के होता है। इसमें कैल्शियम, पोटैशियम, थायमिन, फॉस्फोरस और नियासिन जैसे मिनरल्स भी पाए जाते हैं। धनिया पत्ती का एक गुच्छा लें, पत्तियों को अच्छी तरह धो लें।

## दिन में खाने के बाद की नींद बिगाड़ सकती है तबीयत

दिन में नहीं सोना चाहिए , ये बात कभी न कभी आपने जरूर सुनी होगी। और नंजरअंदाज भी किया होगा। क्योंकि दोपहर में खाना खाने के बाद आंख अपने आप ही बंद होने लग जाती है। आलस इतनी होती है कि व्यक्ति डाइनिंग टेबल से उठकर सीधे बिस्तर पर ही जाकर लेटता है। लेकिन आयुर्वेद में ऐसा करने के लिए सख्त माना है। इससे शरीर में कई तरह के रोग पैदा हो जाते है। आयुर्वेद एक्सपर्ट डॉक्टर एश्वर्या संतोष ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट को शेयर कर खाने के बाद सोने से होने वाले परिणामों को बताया है। वह लिखती हैं कि आयुर्वेद में दिन में सोने के कुछ नियम बनाए गए हैं जैसे – दिन में कौन सो सकते हैं, खाने के कितने घंटे के बाद सोना चाहिए, खाने के तुरंत बाद क्या करना चाहिए। खाने के बाद व्यक्ति को सोना नहीं चाहिए। आयुर्वेद की विशेषज्ञ बताती हैं कि जब आप दोपहर में खाने के बाद सोते हैं तो शरीर में स्निग्धा गुण की मात्रा बढ़ जाती है। जो शरीर में कफ दोष को बढ़ाने के लिए जिम्मेदार होता है। चूंकि पाचन क्रिया के दौरान कफ दोष प्राकृतिक रूप से ज्यादा होता है।

## गले की हड्डी बना कोरोना! ठीक होने के 15 महीनों बाद भी नहीं छोड़ रहा पीछा




कोरोना वायरस का कहर अभी खत्म होता नहीं दिख रहा है। कई देशों को कोरोना की चौथी लहर का सामना करना पड़ रहा है और वहां नए मामलों की संख्या आसमान छू रही है। अगर बात करें भारत की तो यहां भी रोजान करीब दो हजार नए मामले आ रहे हैं। इस बार सबसे ज्यादा कहर कोरोना के ओमीक्रोन वेरिएंट और उसके सब-वेरिएंट बीए.2, बीए.4 और बीए.5 मचा रहे हैं। कोरोना को आए हुए दो साल से ज्यादा हो गए हैं लेकिन इसके बारे में लगातार आ रहे शोध डराने वाले हैं। हाल ही में प्रकाशित एक नए शोध के अनुसार, कोरोना वायरस के कुछ लक्षण 15 महीनों तक बने रह सकते हैं। लंबे समय तक चलने वाले लक्षणों को लॉन्ग कोविड के रूप में जाना जाता है। एनल्स ऑफ क्लिनिकल एंड ट्रांसलेशनल न्यूरोलॉजी जर्नल में प्रकाशित अध्ययन में पता चला है कि लॉन्ग कोविड के सबसे लंबे चलने वाले लक्षणों में न्यूरोलॉजिकल लक्षण आम हैं। चलिए जानते हैं कि कोरोना के वो कौन से लक्षण हैं जो, बीमारे के करीब डेढ़ साल बाद भी मरीजों का पीछा नहीं छोड़ रहे हैं। नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं द्वारा सौ से अधिक मरीजों पर किये अपने शोध में पाया गया कि 85 प्रतिशत रोगियों ने अपने तीव्र संक्रमण के कम से कम छह सप्ताह बाद कम से कम चार न्यूरोलॉजिकल समस्याओं की सूचना दी।

# किसी भी महिला को नहीं होगी थकान-कमजोरी, खून की कमी

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

*पुरुषों के मुकाबले महिलाओं को कुछ बीमारियों और समस्याओं का खतरा अधिक होता है। खून की कमी, पीरियड्स, प्रेगनेंसी से जुड़े विकार और सर्वाइकल कैंसर आदि ऐसी गंभीर समस्याएं हैं, जिनसे अधिकतर महिलाएं पीड़ित रहती हैं। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन के अनुसार, करीब 40 फीसदी गर्भवती महिलाओं में खून की कमी है यानी उन्हें एनीमिया है।*

संगठन का डेटा बताता है कि हर साल 810 महिलाएं प्रेगनेंसी और चाइल्डबर्थ से जुड़े विकारों की वजह से मर जाती हैं। इतना ही नहीं, साल 2018 में सर्वाइकल कैंसर की वजह से 311000 महिलाओं की मौत हो गई थी। और भी कई छोटे-बड़े इशू है, जिनका महिलाएं रोजाना सामना करती हैं। मेडिकल में महिलाओं से जुड़े विकारों और उनके बेहतर स्वास्थ्य के लिए विभिन्न तरह के इलाज और उपाय मौजूद हैं। 28 मई को इंटरनेशनल विमेंस हेल्थ डे मनाया जाएगा। इस अवसर पर फिटनेस गुरु एंड होलिस्टिक एक्सपर्ट मिकी मेहता आपको कुछ आयुर्वेदिक उपाय बता रहे हैं। यह ऐसे असरदार उपाय हैं, जिन्हें अपनाकर कोई भी महिला अपने स्वास्थ्य को दुरुस्त रख सकती है।



**हेल्दी रहने के लिए ऐसा हो महिलाओं का नाश्ता**

सुबह सबसे पहले आपको गुड़ और दालचीनी के मिश्रण से बनी हर्बल चाय लेनी चाहिए। यह बेहतर इम्युनिटी के लिए जरूरी है। इसके बाद आपको ढेर सारे कच्चे फल जैसे कस्तूरी तरबूज, खरबूजा, अनार,



नारियल पानी (गर्मियों के लिए) आदि का सेवन करना चाहिए। रात का खाना 6:30 बजे तक खा लें।

**खाने की इन चीजों से बनाएं दूरी**

अगर आपको हेल्दी एंड फिट रहना है, तो आपको प्रिजर्व, फ्लेवर्ड, आर्टिफीसियल, कलर्ड और प्रोसेस्ड फूड से बचना चाहिए। यह चीजें इम्यून सिस्टम को कमजोर बनाती हैं और कई गंभीर बीमारियों का कारण बन सकती हैं।

**रोजाना योगासन करें**

आप घर में रहती हों या काम पर जाती हों, आपको हेल्दी एंड एक्टिव रहने के लिए रोजाना योगासन करना चाहिए। आप भुजंगासन, भद्रासन, पवन मुक्तासन, नौकासन, बालासन, उष्ट्रासन आदि कर सकती हैं।

**मेडिटेशन करें**

घरेलू काम करने के साथ आसन जैसे भुजंगासन (कोबरा मुद्रा), भद्रासन (तितली मुद्रा), पवन मुक्तासन (हवा से राहत देने वाली मुद्रा), नौकासन (नाव मुद्रा), बालासन (बाल मुद्रा), उष्ट्रासन आदि करें। इसके अलावा आप रोजाना मेदितेष्ण भी कर सकती हैं।



मैच खत्म करना पसंद है

किरण ने कहा में छक्के मारने का अभ्यास करती हूं, मैं धोनी सर का खेल देखती हूं और उनकी तरह मैच खत्म करना पसंद है, बड़े छक्के मारना।' श्रीलंका के खिलाफ फाइनल में धोनी की नाबाद 91 रन की पारी ने किरण का जीवन बदल दिया क्योंकि इससे पहले वह एथलेटिक्स, खो–खो, कबड्डी पर अधिक ध्यान देती थी और सोलापुर जिले के मिरे गांव में अपने खेतों में पिता की मदद करती थी।

## माही जैसा छक्का न मारूं तो क्या ही मजा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** महेंद्र सिंह धोनी का विश्व कप जिताने वाला छक्का भारतीयों के दिल और दिमाग में बसा हुआ है और इस शॉट ने कई लोगों की जिंदगी बदल दी थी जिसमें सोलापुर की एथलीट किरण नवगिरे भी शामिल है। एथलेटिक्स का नुकसान इसके बाद क्रिकेट का फायदा बन गया जब महाराष्ट्र की राज्य स्तर की पूर्व एथलीट किरण ने फैसला किया कि अगर वह अपने 'आदर्श' की तरह लंबे शॉट नहीं खेल पाई तो फिर क्या मजा। धोनी के उस शॉट के 11 साल बाद नगालैंड के लिए घरेलू क्रिकेट खेलने वाली 28 साल की किरण ने तुरंत सुर्खियां बटोरी जब उन्होंने बड़े शॉट खेलने की अपनी क्षमता से प्रभावित किया। महिला टी20 चैलेंज में दाएं हाथ की बल्लेबाज किरण ने अपनी टीम वेलोसिटी की ओर से सबसे तेज अर्धशतक जड़ा और उनकी 34 गेंद में 69 रन की पारी को लंबे समय तक याद रखा जाएगा, विशेषकर उनके पांच छक्कों को। किरण ने टीम की अपनी साथी यस्तिका भाटिया से बात करते हुए कहा, 'जब मैं छक्के मारती हूं और नेट पर अभ्यास करती हूं तो काफी अच्छा महसूस करती हूं।

# जिस स्टेडियम में कुत्ता टहला रहे थे आईएएस, उसे बनाने में लगे हैं 300 करोड़

**दुरुपयोग**

### आनन-फानन में दोनों आईएएस अधिकारियों का ट्रांसफर भी हो गया



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। दिल्ली का त्यागराज स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में सन्नाटा था। जिस ट्रैक पर एथलीट जलवा बिखेरते हैं उस पर एक कपल टहल रहा था। साथ में था एक कुत्ता। इस तस्वीर के सामने आते ही पूरे देश में भूचाल मच गया। विवाद बढ़ा तो पता चला कि जो कपल टहल रहा था वह आईएएस ऑफिसर संजीव खिरवार और उनकी वाइफ रिंकू दुग्गा, जो खुद भी आइएएस ऑफिसर हैं, थीं। आनन–फानन में दोनों का ट्रांसफर भी हो गया। संजीव को लद्दाख, जबकि रिंकू को अरुणाचल प्रदेश जाना होगा। जब यह तस्वीर वायरल हो रही थी तो सभी हैरान थे। आखिरी खिलाड़ियों के लिए बनाए गए स्टेडियम में कोई कुत्ता कैसे टहला सकता है। ऐसा करने वाला अगर फर्स्ट क्लास लेवल का कोई आईएएस अधिकारी हो तो हैरानी और भी अधिक होती है। इस बारे में 400 मीटर में हिस्सा लेने वाले अमित कहते हैं– यह स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स खिलाड़ियों के लिए है। यहां कोई भी कुत्ता टहलाए गलत है।


**2009 में 300 करोड़ रुपये में बनकर हुआ तैयार:** खैर, यह पूरा विवाद रहा, लेकिन क्या आप जानते हैं कि त्यागराज स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स को बनाने में कितना खर्च आया था और कब बना था? नहीं तो हम किस काम आएंगे। यह त्यागराज स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स 2007 में बनना शुरू हुआ। 2009 में कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए बनकर तैयार हुआ था, जबकि 2 अप्रैल, 2010 को एथलीटों के लिए खोला गया था। इस 16.5 एकड़ में फैले स्टेडियम को बनाने में 300 करोड़ रुपये खर्च हुए थे।

**सिंगर त्यागराजा के नाम पर कॉम्प्लेक्स:** इसका नाम 18वीं सेंचुरी के मशहूर तेलुगू सिंगर त्यागराजा के नाम पर रखा गया था। कॉम्प्लेक्स में रनिंग ट्रैक के अलावा इंडोर स्टेडियम भी है, जहां बैडमिंटन, बॉक्सिंग सहित कई इंडोर इवेंट्स होते रहते हैं।

**इन खेलों के लिए हैं सुविधाएं:** स्टेडियम के बाहर 400 मीटर लंबा 8 लेन का सिंथेटिक ट्रैक है। इस ट्रैक के बीच में फुटबॉल का मैदान बना है। स्टेडियम के अंदर लॉन्ग जंप, हाईजंप सहित अन्य एथलेटिक खेलों के लिए भी मैदान हैं। स्टेडियम में 5 टेनिस कोर्ट हैं, जिनमें से 3 क्ले कोर्ट और 2 कोर्ट सिंथेटिक हैं। स्टेडियम की इमारत 20,500 वर्ग मीटर में बनी है।

**भारत का पहला ग्रीन स्टेडियम:** इस स्टेडियम में पर्यावरण का खासतौर पर ध्यान रखा गया है। इसे देश के पहले ग्रीन स्टेडियम के रूप में तैयार किया गया है, जिसे बनाने में फ्लाई–ऐश से बनी ईंटों का इस्तेमाल हुआ। इसकी दीवारों में इस तरह से जगह छोड़ी गई है कि बिजली–पानी की लाइनें उससे होकर जाएं। यहां लगीं टाइलें भी फायर प्रूफ हैं।

# फैन को जॉन सीना की तरह टांग कर ले गई पुलिस



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कोलकाता। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की टीम आईपीएल 2022 के क्वालिफायर–2 में पहुंच गई है। एलिमिनेटर में फाफ डु प्लेसिस की आरसीबी ने लखनऊ सुपर जायंट्स को 14 रन से हराया। इस मुकाबले में बैंगलोर के लिए रजत पाटीदार ने शतकीय पारी खेली। लखनऊ ने अंत में मुकाबला रोमांचक कर दिया था, लेकिन अंत में गेंदबाजों के कमाल के प्रदर्शन से बैंगलोर को जीत मिली।

**मैदान में घुसा फैन:** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के पूर्व कप्तान विराट कोहली से मिलने के लिए एक फैन सुरक्षा घेरा तोड़कर मैदान में घुस गया। उस समय विराट बाउंड्री पर फील्डिंग कर रहे थे। वह फैन विराट की तरफ भागने लगा। इस बीच पुलिसकर्मी बीच में आ गए और वह कंधे पर टांग कर उस व्यक्ति को मैदान से बाहर ले गए।

**विराट ने की एक्टिंग:** पुलिसकर्मी उस व्यक्ति को रेसलर जॉन सीना की तरह उठाकर ले गए। विराट कोहली इसे देखकर अपनी हंसी नहीं रोक पा रहे थे और वे बैठकर हंसने लगे। इसके बाद विराट ने पुलिसकर्मी द्वारा उस फैन को उठाए जाने की एक्टिंग भी की। यह वीडियो स्टेडियम में मौजूद किसी व्यक्ति ने सोशल मीडिया पर शेयर की है।

रजत पाटीदार के करियर के पहले शतक से आरसीबी ने इस मुकाबले को 14 रन से अपने नाम किया। इसके साथ ही लखनऊ की टीम टूर्नामेंट से बाहर हो गई। आरसीबी ने पाटीदार की 54 गेंद में 12 चौकों और सात छक्कों से नाबाद 112 रन की पारी और दिनेश कार्तिक (नाबाद 37) के साथ पांचवें विकेट के लिए सिर्फ 41 गेंदों में 92 रन की अटूट साझेदारी से चार विकेट पर 207 रन बनाए। लखनऊ सुपर जाइंट्स की टीम इसके जवाब में कप्तान केएल राहुल ने 79 रनों की पारी खेली। दीपक हुड्डा (45) के साथ उन्होंने तीसरे विकेट के लिए 96 रन जोड़े। इसके बाद भी टीम 193 रन ही बना पाई।

## दुनिया के सबसे बड़े नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में आईपीएल फाइनल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** अहमदाबाद। आईपीएल–2022 का दूसरा क्वॉलिफायर मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। यह मुकाबला रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोर और राजस्थान रॉयल्स के बीच है। यही नहीं, यह मैदान इस सीजन के खिताबी मुकाबले का भी गवाह बनेगा। अहमदाबाद में स्थित इस स्टेडियम में 11 पिचें सहित कई लग्जरी सुविधाएं हैं। एक लाख से अधिक दर्शक एक साथ मैच देख सकते हैं। यह स्टेडियम सरदार पटेल स्पोर्ट्स एनक्लेव का हिस्सा है। इस एनक्लेव में नरेंद्र मोदी स्टेडियम के अलावा फील्ड हॉकी और टेनिस के लिए भी स्टेडियम हैं। इसके अलावा कई तरह के इनडोर और आउटडोर स्पोर्ट्स के लिए भी व्यवस्थाएं हैं। मोटेरा के नाम से मशहूर इस स्टेडियम को पहले सरदार पटेल स्टेडियम के नाम से जाना जाता था। यह स्टेडियम 2020 फरवरी में नमस्ते ट्रंप कार्यक्रम का गवाह बना था। तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप तब भारत दौरे पर आए थे। करीब 63 एकड़ से अधिक एरिया में यह स्टेडियम फैला है।

## न्यूज डायरी



### कॉलेज में पढ़ते समय रवि शास्त्री को टीम इंडिया से आया बुलावा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व हेड कोच रवि शास्त्री 27 मई 2022 को अपना 60वां बर्थडे सेलिब्रेट कर रहे हैं। भारत के बेहतरीन ऑलराउंडर्स में शुमार शास्त्री का जन्म 1962 में बॉम्बे (अब मुंबई) महाराष्ट्र में हुआ था। शास्त्री ने 25 नवंबर 1981 में इंग्लैंड के खिलाफ वनडे डेब्यू किया था। उसी वर्ष उन्हें टेस्ट में भी डेब्यू का मौका मिला। 1985 वर्ल्ड चैंपियनशिप में शास्त्री को उनके शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए बेस्ट प्लेयर यानी चैंपियन ऑफ चैंपियंस चुना गया। इस दिग्गज खिलाड़ी ने संन्यास के बाद कॉमेंटेटर की भी भूमिका निभाई। वह भारत के सबसे सफल कोच की लिस्ट में भी शुमार हैं। रवि शास्त्री को पहली बार न्यूजीलैंड दौरे पर चोटिल दिलीप जोशी की जगह टीम इंडिया में शामिल किया गया था। उस समय शास्त्री कॉलेज के छात्र थे और उनकी उम्र 21 साल थी। हालांकि इस मौके को भुनाने में शास्त्री ने कोई कोर कसर नहीं छोड़ी।

### राजस्थान के लिए समस्या हैं अश्विन... मांजरेकर ने दिया सनसनीखेज बयान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** अहमदाबाद। राजस्थान रॉयल्स आईपीएल 2022 के दूसरे क्वालिफायर में रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोर से भिड़ने के लिए तैयार है। यह मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। गुजरात टाइटंस के खिलाफ पहले क्वालिफायर में राजस्थान को हार मिली थी। वहीं बैंगलोर ने लखनऊ सुपर जायंट्स को 14 रन से हराकार दूसरे क्वालिफायर में जगह पक्की की है। टीम के लिए अभी तक उनकी स्पिन जोड़ी युजवेंद्र चहल और रविचंद्रन अश्विन ने कमाल का प्रदर्शन किया है। कोलकाता के ईडन गार्डन्स में सीरीज का पहला क्वालिफायर खेला गया था। गुजरात के खिलाफ इस मुकाबले में राजस्थान ने पहले खेलते हुए 188 रन बनाए थे। टीम की मजबूत गेंदबाजी को देखते हुए यह लक्ष्य काफी बड़ा लग रहा था लेकिन गुजरात ने 3 गेंद रहते जीत हासिल कर ली। लीग में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले चहल ने 4 ओवर में 32 और अनुभवी रविचंद्रन अश्विन ने 4 ओवर में 40 रन खर्च किए। भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाज और क्रिकेट एक्सपर्ट संजय मांजरेकर का मानना है कि रविचंद्रन अश्विन राजस्थान रॉयल्स के लिए परेशानी हैं।

### पीछे खड़े रजत पाटीदार से किसी ने नहीं मिलाया हाथ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। रजत पाटीदार ने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ बेजोड़ शतक लगाकर रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोर टीम को आईपीएल–2022 के क्वॉलिफायर–2 में पहुंचा दिया। उन्होंने 54 गेंदों में 12 चौके और 7 छक्के के दम पर नाबाद 112 रनों की पारी खेली। उनकी धाकड़ शतकीय पारी के दम पर बैंगलोर ने 4 विकेट पर 207 रन बनाए। जवाब में लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम 6 विकेट पर 193 रनों तक पहुंच सकी। इस जीत का श्रेय सबसे अधिक रजत को जाता है। उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। इस मैच के बाद एक इसी टूर्नामेंट का एक और वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें रजत पाटीदार एम्ब्रेसिंग मोमेंट के शिकार हुए हैं। दरअसल, यह बैंगलोर और गुजरात के बीच 19 मई को खेला गया मैच था। मैच में बैंगलोर ने गुजरात को 8 विकेट से हराया था।

### एक बार कामयाब हो गई न तो दूल्हों की लाइन लगेगी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। तेलंगाना के निजामाबाद ने निकलीं निखत जरीन ने विश्व बॉक्सिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर पूरे देश और दुनिया में भारत का मान और सम्मान बढ़ाया है। निखत कहती हैं कि हां, घरवाले काफी परेशान हो चुके थे लेकिन उनके पिता जी ने उनकी मदद की। मां भी बाद में मान गईं थीं। उन्होंने अपनी मां को जवाब देते हुए कहा था कि मां, टेंशन नको, अगर मैं कामयाब हो जाऊंगी तो दूल्हों की लाइनें लग जाएंगी। निखत्त ने अपना सफर 2011 से शुरू किया था। जूनियर बॉक्सिंग चैंपियनशिप में उन्होंने गोल्ड मेडल जीता था।

पेज थ्री देहरादून

# हमारा दून

देहरादून, शनिवार, 28 मई 2022

पेज 8



चंपावत के ढकना बड़ोला गांव में की नुक्कड़ सभा करते हुए सीएम।

## संक्षिप्त समाचार

### मसूरी में उमड़ा पर्यटकों का सैलाब, रेंगते रहे वाहन

**संवाददाता** मसूरी। वीकेंड के मद्देनजर शुक्रवार से ही पहाड़ों की रानी मसूरी में पर्यटकों का हुजूम उमड़ पड़ा है। यहां शुक्रवार दोपहर तक होटलों व गेस्ट हाउस करीब 80 प्रतिशत तक बुक हो गए हैं। किंक्रेग से गांधी चौक–जीरो प्वाइंट और कैम्पटी रोड तक वाहनों की लंबी कतारें लगी हैं। यहां अक्ब्सर जाम की स्थिति बन रही है। जिस कारण वाहन रेंगते हुए चल रहे हैं। मसूरी होटल एसोसिएशन अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने बताया कि आज शाम तक 90 प्रतिशत या अधिक बुकिंग होने की उम्मीद है।

### डीएम ने दिए कार्यवाही करने के निर्देश

**संवाददाता** देहरादून। सोशल मीडिया पर प्रकाशित खबर "आरकेडिया टी–स्टेट में तो धान–सब्जियाँ उगाई जा रही है, कानूनी तो ये प्रापर्टी सरकार की हो चुकी है" का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी डॉ0 आर राजेश कुमार द्वारा उप जिलाधिकारी सदर को उक्त प्रकरण पर वस्तु स्थिति से अवगत कराते हुए नियमानुसार/विधिवत कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए है। यदि उक्त तिथि में टी–स्टेट आरकेडिया ग्रांट के स्वामित्व के संबंध में दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करते अथवा अनुपस्थित रहते है तो प्रकरण पर सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत एकतरफा विधिवत कार्यवाही अमल में लाई जाएगी, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित की स्वयं होगी।

### हाईटेंशन की चपेट में आये दो जुड़वा बच्चों की मौत

**संवाददाता** देहरादून। बंसत विहार क्षेत्रांर्तगत बनियावाला में हाईटेंशन की चपेट में आकर झुलसे जुड़वा बच्चों की शुक्रवार सुबह मौत हो गयी है। यह दोनो जुड़वा बच्चे मंगलवार को अपने घर में ही हाईटेंशन की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गये थे जिनका एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। बनियाला में सेवली गांव नंदन एन्क्लेव में टावर संख्या 36 और 37 के बीच दो सात वर्षीय बच्चे प्रिंस और गोलू अपने घर की छत पर पानी के पाइप लाइन से खेल रहे थे। उनकी मां पानी का मोटर चलाकर छत की सफाई कर रही थी।

### प्रदेश के कई क्षेत्रों में वर्षा व ओलावृष्टि का अनुमान

**संवाददाता** देहरादून। मौसम विभाग द्वारा एक बार फिर राज्य में मौसम खराब होने को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। चारधाम यात्रियों को यात्रा के दौरान सतर्कता बरतने को कहा गया है। मौसम विभाग के निदेशक डॉ विक्रम सिंह द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार आगामी 24 घंटों में राज्य के कई हिस्सों में कहीं भारी तो कहीं हल्की बारिश और ओलावृष्टि होने की संभावना जताई गई है। चारधाम यात्रा के दौरान यात्रियों को सावधानी बरतने की जरूरत है।

# स्टार्टअप और इंक्यूबेटर्स को सरकार लगातार सहयोग देगी

**बैठक**

■ मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने की उत्तराखण्ड स्टार्टअप काउंसिल की बैठक, दिए निर्देश

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस. एस. संधु की अध्यक्षता में शुक्रवार को सचिवालय में उत्तराखण्ड स्टार्टअप काउंसिल की बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने प्रदेश में स्टार्टअप को बढ़ावा दिए जाने हेतु लगातार पॉलिसी में सुधार किए जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप और इंक्यूबेटर्स को सरकार द्वारा लगातार सहयोग दिया जाए।



मुख्य सचिव ने फोकस सेक्टर को सीमाओं में न बांधते हुए सभी सेक्टर्स में फोकस किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्टार्टअप्स हेतु आयोजित आइडिया चौलेंज के अंतर्गत टॉप 10 सुझावों को दिए जाने वाले 50 हजार रुपए का कैश प्राइज को बढ़ाकर टॉप 20 सुझावों को 2 लाख रुपए का कैश प्राइज दिए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने इंक्यूबेटर्स को दिए जाने वाले ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस एक्सपेंसेज को 2 लाख से बढ़ाकर 5 लाख किए जाने और कैपिटल ग्रांट को 1 करोड़ से 2 करोड़ किए जाने के भी निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने अधिकारियों को स्टार्टअप्स के साथ मासिक रूप से बैठकें आयोजित कर उनकी समस्याओं को दूर करने हेतु लगातार प्रयास किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने आइडिया शेयरिंग के लिए उद्योग विभाग, इंक्यूबेटर और स्टार्टअप्स का एक व्हाट्सएप ग्रुप के साथ ही डिपार्टमेंट की वेबसाइट में ऐसा सिस्टम डेवलप करने के निर्देश दिए जिससे आपस में आइडियाज और जानकारियां साझा की जा सकें।

मुख्य सचिव ने सभी विभागों को स्टार्टअप की दिशा ने कुछ न कुछ किए जाने के निर्देश दिए, ताकि इससे प्रत्येक क्षेत्र में स्टार्टअप को बढ़ावा मिल सके। उन्होंने अधिकारियों को इन्नोवेटिव आइडिया के साथ ही अन्य राज्यों द्वारा किए जा रहे अच्छे आइडियाज को तुरंत अपनाए जाने के भी निर्देश दिए। ऐसे आइडियाज जो अच्छे तो हैं, परन्तु किसी कारण से उन्हें फंडिंग नहीं मिल पा रही है, उनके लिए सरकारी सिस्टम को सहयोग के लिए आगे आने की आवश्यकता बताई।

इस अवसर पर सचिव श्रीमती सौजन्या, सचिव डॉ. पंकज पाण्डेय एवं प्रबन्ध निदेशक सिडकुल रणवीर सिंह चौहान सहित उत्तराखण्ड स्टार्टअप काउंसिल के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### ऋषिकेश में स्वास्थ्य जांच के बाद ही जा पाएंगे आगे चारधाम यात्रा पर

**संवाददाता** ऋषिकेश। चारधाम यात्रा में लगातार हो रही तीर्थ यात्रियों की मौत के मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने चार धाम यात्रा के प्रवेश द्वार ऋषिकेश में ही तीर्थ यात्रियों की चिकित्सा जांच बढ़ाने का निर्णय लिया है। आयुक्त गढ़वाल मंडल सुशील कुमार ने इस संबंध में अधिकारियों को निर्देशित किया है। उन्होंने कहा कि ऋषिकेश में ही तीर्थयात्रियों की स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जांच कर स्वस्थ यात्रियों को ही तीर्थ यात्रा पर भेजान सुनिश्चित किया जाए।

शुक्रवार को मंडल आयुक्त गढ़वाल सुशील कुमार व डीआइजी गढ़वाल करण सिंह नगन्याल ने अधिकारियों के साथ चार धाम यात्रा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने ऋषिकेश तथा मुनिकीरेती क्षेत्र में यात्रा व्यवस्थाएं जांची। चारधाम यात्रा बस टर्मिनल कंपाउंड पर पंजीकरण प्रक्रिया तथा यात्रियों की सुविधा से संबंधित व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। पत्रकारों से बातचीत करते हुए मंडलायुक्त सुशील कुमार ने कहा कि इस वर्ष चारधाम यात्रा में ऊंचाई वाले तीर्थ स्थानों पर यात्रियों की ह्रदय गति रुकने से मौत की घटनाएं बड़ी मात्रा में सामने आई हैं।

# जनता की समस्याओं के समाधान को रहूंगा प्रतिबद्ध: सीएम

**रोड शो**

■ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी चम्पावत नगर में किया रोड शो

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शुक्रवार को चम्पावत नगर में रोड शो किया। इस दौरान लोगों की जमकर भीड़ उमड़ी। तल्ली मादली से शुरू हुआ रोड शो स्टेशन बाजार तक पहुंचा। इस दौरान सीएम ने खुली जीप से जनता का अभिवादन स्वीकार किया। रोड शो में शामिल लोग और भाजपा कार्यकर्ताओं का उत्साह देखने लायक था। बड़ी संख्या में महिलाएं भी रोड शो में शामिल हुईं। इस दौरान सरकार के कई मंत्री और विधायक भी मौजूद रहे।



सीएम के काफिले के साथ चुनाव प्रचार के लिए चम्पावत पहुंचे। सुबह 10 बजे करीब सर्किट हाउस में बने अस्थाई हैलीपेड में उतरने के बाद वे मुख्यालय से लगे ढकना बड़ोला गांव के बेल्टाक तोक पहुंचे। जहां उन्होंने नुक्कड़ सभा को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने जनता से उपचुनाव में उन्हें भारी मतों से जीत दिलाने की अपील की। कहा कि उपचुनाव वे नहीं विधानसभा क्षेत्र की जनता लड़ रही है। जनता ने उन्हें रिकार्ड तोड़ जीत दिलाने का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि चुनाव जीतने के बाद वे जनता की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे। परिवहन मंत्री चंदन राम दास ने भी सभा को संबोधित कर क्षेत्र के विकास के लिए सीएम को भारी मतों से जीत दिलाने की अपील की। इससे पूर्व यहां पहुंचने पर जिला पंचायत अध्यक्ष ज्योति राय, कांग्रेस नगर अध्यक्ष कैलाश अधिकारी, पूर्व जिपं अध्यक्ष ललित मोहन पांडेय, पूर्व जिपं सदस्य गोविंद सामंत, ग्राम प्रधान हेमा चौधरी सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं ने सीएम का माल्यार्पण कर स्वागत किया। वहां से आने के बाद सीएम मल्लिकार्जुन स्कूल में हुए युवा सम्मेलन में शामिल हुए और उसके बाद रोड शो किया।

इस दौरान परिवहन मंत्री चंदन राम दास, देव प्रयाग के विधायक विनोद कंडारी सहित कई वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सीएम धामी ने चंपावत के ढकना बड़ोला गांव में की नुक्कड़ सभा

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शुक्रवार को चुनाव प्रचार के लिए चम्पावत पहुंचे। सकर्किट हाउस में बने अस्थाई हेलीपेड पर उतरने के बाद वह मुख्यालय से लगे ढकना बड़ोला गांव के बेल्टाक तोक पहुंचे। जहां उन्होंने नुक्कड़ सभा को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने जनता से उपचुनाव में उन्हें भारी मतों से जीत दिलाने की अपील की।

सीएम धामी ने कहा कि उपचुनाव वे नहीं विधानसभा क्षेत्र की जनता लड़ रही है। जनता ने उन्हें रिकार्ड तोड़ जीत दिलाने का मन बना लिया चुनाव जीतने के बाद वे जनता की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे। परिवहन मंत्री चंदन राम दास ने भी सभा को संबोधित कर क्षेत्र के विकास के लिए सीएम को भारी मतों से जीत दिलाने की अपील की। इससे पूर्व यहां पहुंचने पर जिला पंचायत अध्यक्ष ज्योति राय, कांग्रेस नगर अध्यक्ष सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं ने सीएम का माल्यार्पण कर स्वागत किया।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादक: प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालय:
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।